डाक पंजीयन सं. जयपुर सिटी/ 110/2024-26

website: www.royalpatrika.com
G-mail: royalpatrika@gmail.com
Yahoo: royal_patrika@yahoo.com

R.N.I. NO. RAJHIN/2006/16735 राजस्थान एवं केन्द्र सरकार से विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

रॉयल पत्रिका मंगवाने के लिए संपर्क करें - 9799559096 0141-4982834

# रॉयल पत्रिका

सरकारी नौकरियों की जानकारी के लिए पढ़ें पृष्ठ 5

वर्ष : 20 | अंक : 18 | पेज: 08 | जयपुर, सोमवार, 02 जून से 08 जून 2025 | साप्ताहिक | मूल्य: 7 रुपए

## क्षत्रिय स्वाभिमान अस्मिता महासम्मेलन 8 जून को नागौर में

### - जाट और राजपूत समाज के बीच टकराव की संभावना बढ़ी
### - टकराव को रोकने के लिए सरकार को उठाने चाहिए कारगर कदम

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के प्रमुख हनुमान बेनीवाल की ओर से राजस्थान के राजपूत राजाओं और मुगलों के बीच रिश्ते पर सोशल मीडिया पर कई बाते कहीं, जिनको राजपूत समाज और करणी सेना ने अपमानजनक बताया। दूसरी तरफ हनुमान बेनीवाल ने कहा कि में इतिहास में लिखी बाते ही बता रहा हूँ, इसमें झूठ कुछ भी नहीं हैं। दूसरी तरफ करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राज शेखावत ने बेनीवाल के बयान को अभद्र करार देते हुए सोशल मीडिया पर जवाबी हमला बोला और 8 जून 2025 को नागौर में "क्षत्रिय स्वाभिमान अस्मिता महासम्मेलन" का ऐलान कर दिया और बेनीवाल के मकान को बुलडोजर से तोड़ने की बात कहीं। करणी सेना के अध्यक्ष राज शेखावत के साथ राजपूत समाज कितना है। लेकिन उन्होंने लाखों की तादात में समाज के लोगों और करणी सेना के कार्यकर्ताओं को नागौर पहुंचने का आह्वान किया है। राज शेखावत के बयान से पश्चिमी क्षेत्र के जाट समाज के लोग करणी सेना की चेतावनी देकर कह रहे है कि नागौर आने की भूल मत करना। इस घटनाक्रम से राजस्थान प्रदेश में जाट और राजपूतों में तनाव बढ़ सकता है। इसलिए सरकार को सचेत रहने की जरूरत है।





**जाट - राजपूत राजनीति**

राजस्थान में जाट और राजपूत दबंग जातियों में शामिल है। राजपूत राजाओं ने प्रदेश की जनता पर राज किया है। राजपूत राजाओं की इतिहास में काफ़ी जानकारी मिलती है। स्वतंत्रता के बाद भी स्वर्गीय भैरोसिंह शेखावत प्रदेश के मुख्यमंत्री बने थे। सैकड़ो राजपूत नेता विधायक और मंत्री प्रदेश सरकार में रह चुके है और वर्तमान सरकार में भी कई मंत्री मौजूद है। प्रदेश के जाट मुख्य रूप से किसान वर्ग में आते है।

जाट समाज के लोग राजस्थान में मेहनती और मजबूत कद काठी के पाए जाते है। अपनी मेहनत के सहारे जाट समाज ने राजस्थान का नया इतिहास बना दिया है। जाट समाज में शिक्षा का तेजी से प्रसार हुआ और समाज ने सरकारी नौकरियों में, व्यवसाय में तेजी से अपनी भागीदारी बढ़ाई है। जाट समाज का राजस्थान की राजनीति में बढ़ा वर्चस्व है। कोई भी पार्टी जाट समाज को वर्तमान में नजरंदाज नहीं कर सकती है। जाट समाज कांग्रेस, भाजपा और आरएलपी में बंटा हुआ है जबकि राजपूत समाज के लोग भाजपा से ज्यादा पाए जाते है। कांग्रेस पार्टी में बहुत कम राजपूत समाज के लोग पाए जाते है। जाट समाज के विधायक विधानसभा में बड़ी संख्या जीतकर आते है। जाट समाज के कई मंत्री वर्तमान सरकार में है और पहले भी सभी पार्टियों की सरकारों में रह चुके है। मुख्यमंत्री पद के अलावा राजस्थान में जाट समाज के लोगों ने अपनी मेहनत और राजनीति के बल पर सभी पद हासिल कर लिये है।

**जाट-राजपूत में टकराव हुआ तो क्या होगा?**

सरकार जाट राजपूतों के बीच टकराव होने नहीं देगी। यदि जाट राजपूतों के बीच टकराव हो भी गया तो सबसे पहले सरकार पर ही संकट आएगा। क्योंकि दोनों ही समाज प्रदेश के प्रभावशाली समाज है। सरकार दोनों में से किसी को भी नजरंदाज नहीं कर सकती है। हनुमान बेनीवाल जाटों के लोकप्रिय नेता है और उनके पक्ष में जाट एकजुट हो सकते है। इसलिए माना जा रहा है कि बेनीवाल पर या उनके घर पर किसी भी तरह का हमला प्रदेश में तूफान खड़ा कर सकता है। राज शेखावत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष है और राजपूत समाज में उनकी बात सुनी जाती है। इसलिए 8 जून को नागौर में राजपूत समाज के लोग एवं करणी सेना के कार्यकर्ता जरूर जाएंगे। दोनों समाजों के बीच प्रतिष्ठा का सवाल खड़ा हो गया है।

**सरकार को उठाने होंगे कारगर कदम**

प्रदेश में जाट और राजपूत समाज प्रभावशाली समाज है। दोनों का आपस में टकराव प्रदेश की राजनीति के लिए शुभ संकेत नहीं माना जा सकता है। इस लिए सरकार को जाट राजपूत समाज के टकराव को रोकने के लिए समाजों और संगठनों के नेताओं के भड़काऊ भाषणों पर सख्ती से पाबंदी लगानी चाहिए। यदि एक बार टकराव हो गया तो सरकार इसे रोक नहीं पाएंगी। इसलिए टकराव रोकने के जो भी उपाय सरकार को करने है, 8 जून 2025 से पहले ही करने चाहिए।

क्योंकि दोनों ही समाजों के युवा निडर और मरमिटने वाले हैं। दोनों समाजों का टकराव प्रदेश और समाज की बड़ी क्षति करेगा। भाजपा सरकार के लिए चुनौती भरा समय हैं। वैसे भाजपा पार्टी सोशल इंजीनियरिंग में माहिर पार्टी है। उसके नेता कोई न कोई हल निकाल ही लेंगे। राजस्थान में करीब 10 प्रतिशत जाट जाति के लोग एवं 8 प्रतिशत राजपूत समाज के लोग रहते है। दोनों जातियों का प्रदेश की राजनीति में वर्चस्व कायम करने के लिए संघर्ष और प्रयास चलते रहेंगे।

## जल संरक्षण में हर व्यक्ति की भागीदारी हो सुनिश्चित - मुख्यमंत्री

### - राज्य सरकार 5 से 20 जून तक चलाएगी 'वंदे गंगा जल संरक्षण-जन अभियान'

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा राजस्थान जैसे विषम भौगोलिक परिस्थितियों वाले राज्य में जल संरक्षण बहुत महत्वपूर्ण है। इसके लिए हमारी सरकार भूजल स्तर बढ़ाने तथा जल संचयन पर विशेष ध्यान दे रही है। इसी उद्देश्य के लिए राज्य सरकार 5 से 20 जून तक प्रदेशभर में वंदे गंगा जल संरक्षण-जन अभियान चलाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अभियान के अंतर्गत जल संचय संरचनाओं का निर्माण, जल स्रोतों की साफ-सफाई, परंपरागत जलाशयों का पुनरूद्धार, पर्यावरण व जल संरक्षण गतिविधियां आयोजित होंगी। इसमें प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी से ही यह अभियान जन आंदोलन का रूप ले सकेगा। मुख्यमंत्री रविवार को मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित बैठक में वंदे गंगा जल संरक्षण-जन अभियान के अंतर्गत होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह सुखद संयोग है कि इस बार विश्व पर्यावरण दिवस तथा गंगा दशहरा एक ही दिन 5 जून को है। हम इस दिन हमारे अभियान की शुरूआत करेंगे और पर्यावरण संरक्षण को हमारी परम्परा और संस्कृति से जोड़ते हुए वंदे गंगा कलश यात्रा तथा जलाशयों पर पूजन कार्यक्रम आयोजित होंगे। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभियान में हर विभाग की भागीदारी सुनिश्चित हो तथा आपसी समन्वय के साथ सभी गतिविधियों को सुचारू रूप से सम्पन्न किया जाए। उन्होंने कहा कि अभियान की सफलता सुनिश्चित करने के लिए सभी कार्यों एवं गतिविधियों की मॉनिटरिंग कर प्रतिदिन अपडेट ली जाए।



**गांवों में होगी जल संरक्षण कार्य की शुरूआत**

मुख्यमंत्री ने कहा कि अभियान के पहले दिन प्रदेश के गांवों में जल संरक्षण के कम से कम एक कार्य की शुरूआत की जाए। ग्राम स्तर पर जल मित्र बनाकर अधिक से अधिक लोगों की इसमें सहभागिता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि ग्राम सभाओं की बैठकों में भी इस अभियान को विशेष महत्व देते हुए जल संरक्षण से संबंधित कार्यों की रूपरेखा तैयार की जाए।

**बारिश का पानी व्यर्थ बहकर ना जाए**

मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि इस अभियान के तहत नए जल संग्रहण एवं जल संरक्षण संरचनाओं के कार्यों का शुभारंभ किया जाएगा। इन कार्यों के साथ ही बारिश में व्यर्थ बहकर जाने वाले पानी को रोकने के लिए बांध, ऐनिकट तथा नहरों की मरम्मत का कार्य प्राथमिकता से किया जाए, जिससे मानसून में बारिश के पानी का संग्रहण तथा भूजल स्तर में वृद्धि हो सके।

**राजकीय कार्मिकों की भागीदारी भी हो सुनिश्चित**

मुख्यमंत्री ने कहा कि जल संग्रहण संरचनाओं एवं जलाशयों की साफ-सफाई के कार्यों में स्वयं सेवी संस्थाओं, राजकीय कर्मचारियों सहित अधिक से अधिक लोगों को जोड़कर श्रमदान कराया जाए। जिला स्तर पर हर दिन अलग-अलग विभागों द्वारा संयुक्त श्रमदान कराया जाए। साथ ही, सरकारी कार्यालयों में जल संरक्षण के संबंध में संकल्प कार्यक्रम आयोजित कराए जाएं। अभियान में सराहनीय कार्य करने वाले व्यक्तियों तथा संस्थाओं का सम्मान भी किया जाए।

कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान में भामाशाहों का सहयोग अपेक्षित

मुख्यमंत्री ने कहा कि 10 जून को कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान के तहत हुए कार्यों का लोकार्पण होगा एवं नए कार्यों की स्वीकृति दी जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि इस अभियान के लिए भामाशाहों तथा सीएसआर फंडिंग के माध्यम से आर्थिक सहयोग लिया जाए। बैठक में मुख्य सचिव सुधांश पंत सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## अब्बास अंसारी की विधायकी खत्म

### - सरकार ने छुट्टी के दिन ही आदेश जारी कर दिया, विधानसभा सीट रिक्त घोषित

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा सचिवालय ने मुख्तार अंसारी के बेटे और मऊ से विधायक अब्बास अंसारी की सदस्यता रद्द कर दी है। मऊ सदर विधानसभा सीट अब आधिकारिक रूप से खाली मानी जाएगी। ये फैसला उस दिन आया जब अब्बास को एक चुनावी रैली में दिए गए भड़काऊ भाषण के मामले में कोर्ट ने दो साल की सजा सुनाई। हालांकि सजा सुनाने के तुरंत बाद बॉन्ड भरवाकर अब्बास अंसारी को जमानत दे दी गई थी। कोर्ट का आदेश जारी होने के 24 घंटे के भीतर फाइल मऊ से लखनऊ पहुंची, फिर रविवार के दिन विधानसभा सचिवालय खोला गया। विधानसभा के प्रमुख सचिव प्रदीप दुबे ने अब्बास की सदस्यता समाप्त कर सीट को रिक्त घोषित करने का आदेश जारी कर दिया। साथ ही मुख्य निर्वाचन अधिकारी को उपचुनाव कराने का प्रस्ताव भी भेज दिया। सूत्रों का कहना है कि प्रदेश सरकार का प्रयास रहेगा कि बिहार चुनाव से पहले मऊ में उपचुनाव कराया जा सके। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है- अगर अब्बास सोमवार को हाईकोर्ट में अपील दाखिल कर सजा पर स्टे प्राप्त कर लेता तो सीट रिक्त घोषित नहीं की जा सकती थी। लिहाजा सरकार ने छुट्टी के दिन ही आदेश जारी कर दिया। हालांकि कोर्ट ने सजा सुनाने के तुरंत बाद उन्हें जमानत दे दी, लेकिन सरकार ने इस मामले में तेजी दिखाई और रविवार को ही विधानसभा सचिवालय खोलकर सदस्यता समाप्त करने का आदेश जारी कर दिया। साथ ही निर्वाचन आयोग को उपचुनाव कराने का प्रस्ताव भी भेज दिया गया।



अब्बास का विवादित भाषण

अब्बास, योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री ओपी राजभर की पार्टी सुभासपा से मऊ सदर से विधायक थे। अब्बास की जिस मामले में विधायकी गई, वह 2022 में हुए विधानसभा चुनाव का है। इस दौरान एक चुनावी रैली में अब्बास ने कहा था- सपा मुखिया अखिलेश यादव से कहकर आया हूं, सरकार बनने के बाद 6 महीने तक किसी की ट्रांसफर-पोस्टिंग नहीं होगी। जो जहां है, वहीं रहेगा। पहले हिसाब-किताब होगा। फिर ट्रांसफर होगा।इस बयान को अदालत ने लोकसेवा में भय फैलाने और मतदाताओं को डराने वाला माना।

**कोर्ट का फैसला और सरकार की तेजी**

मऊ की MP/MLA कोर्ट ने शनिवार को अब्बास अंसारी को 2 साल की सजा और उनके चुनाव एजेंट मंसूर अंसारी को 6 महीने की सजा सुनाई। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है- अब्बास माफिया मुख्तार अंसारी का बेटा है। वह सपा के समर्थन से सुभासपा के टिकट पर विधायक बना था। अब्बास को सपा का ही विधायक माना जाता था। विपक्षी दल से होने के कारण सरकार ने उसकी सदस्यता समाप्त करने और सीट को रिक्त घोषित करने का आदेश रविवार को ही जारी करा दिया, ताकि अगर अब्बास हाईकोर्ट में अपील करता भी है, तो उसे राहत मिलने की संभावना न रहे। अगर अब्बास सोमवार को हाईकोर्ट में अपील दाखिल कर सजा पर स्टे प्राप्त कर लेता, तो सीट रिक्त घोषित नहीं हो पाती। लिहाजा सरकार ने रविवार को ही विधानसभा सचिवालय खुलवाया और सीट रिक्त घोषित करने का आदेश जारी कर दिया। भारत निर्वाचन आयोग एक सीट पर उपचुनाव कराने के लिए भी कार्यक्रम जारी कर सकता है। आयोग को अगर उचित लगा तो एक-दो दिन में ही उपचुनाव का कार्यक्रम घोषित किया जा सकता है। यूपी में मऊ एकमात्र ऐसा जिला होगा, जहां 5 साल में दो विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होंगे। इससे पहले घोसी सीट पर उपचुनाव हुआ था, जिसमें बीजेपी हार गई थी।

**अब तक के विवाद और कानूनी मामले**

अब्बास अंसारी पहले भी मनी लॉन्ड्रिंग और गैंगस्टर एक्ट के तहत जेल जा चुके हैं। उन्हें 2 साल 8 महीने बाद मार्च 2024 में सुप्रीम कोर्ट से शेष पृष्ठ 2 पर...

## मुसलमानों के पास अच्छे स्कूल, कॉलेज, मुसाफिर खाने, अस्पताल खोलने के लिए जमीन नहीं है

### - दूसरी तरफ वक्फ बोर्ड के पास लाखों एकड़ जमीन फालतू पड़ी है या फिर कथित समाजसेवियों के कब्जे में है

जयपुर,(रॉयल पत्रिका)। यहां मैं केवल जयपुर के संदर्भ में ही बात करूंगा। जयपुर में वक्फ बोर्ड के पास सैंकड़ों एकड़ जमीन पड़ी है। जिसमें से एक बड़े भू-भाग का किसी अच्छे उद्देश्य के लिए प्रयोग नहीं किया जा रहा है। दूसरी तरफ अच्छे स्कूल,कॉलेज, अस्पताल एवं मुसाफिर खाने खोलने के लिए जमीन नहीं है। जयपुर में एक गर्ल्स कॉलेज पर सरकार पेनल्टी पर पेनल्टी लगाए जा रही है। सरकार को लाखों रुपये पेनल्टी देने के बाद भी यह कॉलेज जमीन का इंतजाम नहीं कर पाया है। जयपुर शहर में एक भी कायदे का हॉस्टल नहीं है। सरकार ने एक बार वक्फ बोर्ड की जमीन पर हॉस्टल बनाने की कोशिश की लेकिन कौम के कुछ लोगों ने विरोध कर दिया।




यह विरोध करने वाले अब तक जयपुर में एक भी छात्र-छात्राओं के लिए हॉस्टल नहीं बना पाए है। जबकि इनके पास वक्फ-बोर्ड की काफी जमीन है और कब्जे में है।

**समाज के पास जमीन और पैसे की कमी नहीं है।-**

अकेले जयपुर में मुस्लिम मुसाफिर खाना, मस्जिद हैज़म फ़रोशान, अमानीशाह दरगाह, कुरैशी मुसाफिर खाना आदि कमेटियों के पास करीब 10 करोड़ का फंड मौजूद है। घाटगेट पुराने बस स्टैंड के पास करीब 10-12 बीघा वक्फ बोर्ड की जमीन है। अंकुर सिनेमा अब यहां चलता नहीं जिसके पास 10 हज़ार वर्गमीटर जमीन है। यह जमीन आदर्श नगर के कांग्रेस विधायक के रिश्तेदारों ने किराये पर ले रखी है। कौम के सभी लोग मिल बैठकर बात करे तो शिक्षा के उद्देश्य से यह लोग उस जमीन को छोड़ सकते है। क्योंकि अंकुर सिनेमा की जमीन किराये पर लेने वाले बड़े लोग है और कौम के भले के लिए मना करने वाले नहीं है। मुस्लिम समाज छोटे-छोटे गुटों में बंट गया है लेकिन इस बात को बड़ी होशियारी से छुपाया जा रहा है। यह गुट आपस में सिर्फ कुछ कॉमन मुद्दों पर ही बात करते है। शिक्षा, रोजगार एवं राजनीतिक अवेयरनेस इनके सबजेक्ट में नही है। जयपुर का मुस्लिम समाज एक ऐसा समाज बन गया है जो जमीन, पैसा और जानकारी होने के बाद भी कोई बड़ी उपलब्धि हासिल नहीं कर पा रहा है। मुस्लिम समाज में एक वर्ग ऐसा भी विकसित होता जा रहा है जिससे सवाल जवाब नही किये जा सकते हैं।

यदि कोई सवाल जवाब करने की कोशिश करता है तो उसके खिलाफ मोर्चा खोल दिया जाता है या फिर झूठे मुकदमों में फँसाने की कोशिश की जाती है। यदि सभी गुट एक साथ आ जाए तो जयपुर शहर में बड़े से बड़ा काम किया जा सकता है। क्योंकि जयपुर में मुस्लिम समाज के एक से एक योग्य और क्षमतावान व्यक्ति मौजूद हैं।

For Sale



1,2,3,4 BHK फ्लैट्स,
मोती डूंगरी रोड, आदर्श नगर,
जवाहर नगर, फतेह टीबा
& Near by Location
Contact - 8386947005

## हज की तैयारी पूरी, अराफात 5 जून को, तवाफ़-ए-विदा 10 जून को

मक्का। इस वर्ष हज 4 जून 2025 से शुरू होगा, अराफात दिवस 5 जून को है और ईद उल-अज़हा 6 जून को होगी। इसी के मद्देनज़र वहाँ खादिम उल हुज्जाज के कोटे से हज के सफर पर गये रकमा प्रदेश अध्यक्ष अतीक अहमद ने हज यात्रियों को हर दिन क्या करना है, इसकी टाइमलाइन बताई है। हज की परंपरा के मुताबिक हाजी 1–2 जून तक मक्का पहुँचकर तैयारियाँ पूरा कर लेंगे, फिर 3 जून से मुख्य हज यात्रा शुरु होगी। विदेशी हाजियों के लिए 31 मई (4 धुल हिज्जा) तक सऊदी अरब पहुंचना लाज़मी होता है, इसलिए 1 जून को ज्यादातर हाजी मक्का पहुंचकर होटल में चेक-इन कर लेंगे और आराम करेंगे। इस दिन काबा शरीफ़ में उमरा (तवाफ़-ए-उमरा) के अरकान पूरे किए जा सकते हैं और मस्जिद अल-हरम में नफ़्ल इबादत की जाएगी। साथ ही एहराम पहनने की तैयारियाँ की जाएंगी।



वही 2 जून को हाजी काबा शरीफ़ में नफ़्ल नमाज़ अदा करें, ज़ियारत की जगहें देखें और उमराह पूरी करें (अगर 1 जून पर नहीं हुआ हो)। मस्जिद अल-हरम में धूप, अराफात की तैयारी और क़ाफ़िले की तन्ज़ीयम के काम होंगे। अतीक अहमद के मुताबिक 3 जून की शाम (7 धुल हिज्जा) मग़रिब या इशा के बाद शेष पृष्ठ 2 पर..

## कृषि मंत्री ने नकली खाद फैक्ट्रियों पर छापेमारी की

### - किसानों से धोखाधड़ी चरम पर

जयपुर,(रॉयल पत्रिका)। किसान बड़ी मुश्किल से अनाज, तिलहन एवं दलहन फसलों की पैदावार लेता हैं। पूरे साल खेत में फसल पकने तक कर्ज लेकर लागत लगाता है। इसके लिए किसान बाजार से बीज, खाद, कीटनाशक, महंगे दामों पर खरीदकर लाता है। लेकिन बाजार में किसानों को ठगने के लिए कुछ लोग एक लम्बी लाइन लगाकर बैंठे है। प्रदेश के कददावर नेता कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा को जब यह पता चला कि कुछ लोग नकली खाद बनाकर किसानों को बेच रहे हैं तो उनसे रहा नहीं गया। कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने स्वयं कृषि अधिकारियों के साथ जाकर किशनगढ़ में नकली खाद बनाने वाली 13 फैक्ट्रियों को सील करके ताला लगा दिया। नकली खाद बनाकर फैक्ट्री मालिक एक लम्बे अर्से से किसानों को ठग रहे थे। कृषि मंत्री की इस कार्यवाही से नकली खाद बनाने वाली प्रदेश की फैक्ट्रियों में हडकंप मचा हुआ है। प्रदेश के किसान वर्ग में कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा की काफी तारीफ हो रही है। वैसे ही किसान फसल उगाकर फसल की लागत तक नही निकाल पाता है ऊपर से नकली खाद, बीज कीटनाशक बेचने वाले किसान से ठगी करने पर अमादा दिखाई दे रहे हैं।



**किसानों से धोखाधड़ी चरम पर -**

नकली खाद, नकली बीज और नकली कीटनाशक बनाने वाले किसानों की मजबूरी का फायदा उठाकर दोनों हाथों से लूट रहें हैं। वैसे नकली खाद, बीज और कीटनाशक बनाने वाले लोगों की कृषि विभाग के अधिकारियों से साठगांठ रहती हैं। बिना सरकारी सिस्टम के नकली खाद, बीज और कीटनाशक बनाना आसान नहीं है। कृषिमंत्री की नजर में अब यह मामला आ ही गया है तो सरकार को खाद एवं कीटनाशक बनाने वाली फैक्ट्रियों की नियमित जांच की व्यवस्था करनी चाहिए। अब देखना है कि नकली खाद एवं कीटनाशक बनाने वाली फैक्ट्रियों पर सरकार लगाम हमेशा के लिए लगाएंगी या फिर यह फैक्ट्रियां फिर सरकारी सिस्टम का फायदा उठाकर फिर से नकली खाद उत्पादन शुरू कर देंगी।

# मोहम्मद नासिर गुजरात में पर्यावरण संरक्षण अवार्ड से हुए सम्मानित




सवाई माधोपुर, (रॉयल पत्रिका)। अर्ली बर्ड्स आईएएस और ज्ञान लाइव के तत्वाधान में पर्यावरण संरक्षण पुरस्कार 2025 का आयोजन रविवार को अगाना बैंक्विट हॉल गिफ्ट सिटी गांधीनगर गुजरात में किया गया। इस कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से नवाचारी शिक्षकों व पर्यावरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले शिक्षकों ने भाग लिया। इस अवसर पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मखौली ब्लॉक सवाई माधोपुर जिला सवाईमाधोपुर में कार्यरत शिक्षक मोहम्मद नासिर को पर्यावरण संरक्षण अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया। इसके अलावा कार्यकम में पुलकित जोशी सचिव, डॉ वीरेंद्र रावत, नसीम बानो खोखर, अश्विन प्रजापति, अमर चौधरी, चेतन प्रमुख रूप से मौजूद रहे। मोहम्मद नासिर को इससे पूर्व भी राष्ट्रीय स्तर की संस्थाओं से शिक्षा साहित्य पर्यावरण के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए सम्मानित होकर जिले और ब्लॉक का मान बढ़ाते आ रहे हैं।

# उदयपुरिया और सामोद में दो-दो करोड़ की लागत से बनेंगे अटल पथ



चौमूं,(रॉयल पत्रिका)। राज्य सरकार द्वारा विधानसभा क्षेत्र चौमूं की स्वीकृति जारी की है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं चौमूं के पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी का आभार जताया है। सार्वजनिक निर्माण विभाग के संयुक्त सचिन आरके लूथरा के द्वारा विधानसभा क्षेत्र चौमूं की ग्राम पंचायत उदयपुरिया में रेगरो का मोहल्ले से बस स्टैंड से ढाणी काकरो की ढाणी (बाग महादेव मंदिर की और) के लिए 1.65 किमी हेतु दो करोड रुपए और ग्राम पंचायत संबोध में खेड़ापति आश्रम से गुर्जरों की ढाणी की ढाणी शिव मंदिर की ओर अटल पथ निर्माण के लिए 1.60किमी हेतु दो करोड रुपए की स्वीकृति जारी की है। इस अवसर पर पूर्व विधायक शर्मा ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र की दो ग्राम पंचायतों उदयपुरिया और सामोद में अटल पंथों और के निर्माण कार्य के लिए दो-दो करोड रुपए की स्वीकृति मिली है।

# सड़क स्वीकृति पर ग्रामवासियों ने जताया रामलाल शर्मा का आभार



चौमूं, (रॉयल पत्रिका)। विधानसभा क्षेत्र चौमूँ में सड़को की स्वीकृति पर सुभाष सर्किल स्थित भाजपा कार्यालय पर ग्रामवासियों द्वारा पूर्व विधायक रामलाल शर्मा का साफा और माला पहनाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया।

ग्राम पंचायत इटावा भोपजी में पॉवर हाउस से स्याऊ तिराहे तक और मुख्य सड़क से मालियो की ढाणी तक सड़क के लिए 99.90 लाख रुपए की स्वीकृति पर सरपंच प्रतिनिधि राजकुमार सैनी के नेतृत्व में ग्रामवासियो ने स्वागत किया। ग्राम पंचायत सिंगोदखुर्द में बालाजी धर्मकांटे से देवथला सीमा तक सड़क निर्माण कार्य के लिए 45.10 लाख की स्वीकृति पर मंडल अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह और त्रिलोक लोचिब ने नेतृत्व में ग्रामवासियों ने स्वागत किया। इसके बाद हस्तेडा सड़क से बागा का बास (आलीसर) तक सड़क निर्माण कार्य के लिए 35.70 लाख रुपए की स्वीकृति मिलने पर ग्रामवासियों ने मिठाई खिलाकर आभार जताया। इस अवसर पर पूर्व विधायक शर्मा ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और वित्त मंत्री दिया कुमारी का आभार जताया। इस मौके पर पूर्व सरपंच प्रतिनिधि रामावतार भिंडा ,रामेश्वर बिरानिया, शंकर सोनी, भागीरथ रेगर, राधेश्याम शर्मा, सुभाष योगी, राकेश कुमावत, शंकर सेन, कजोड़ माली, सुनील, गोपाल सेन, ओमप्रकाश बरा गोविंद शर्मा, जगदीश सैनी, कृष्णा कुमावत, वार्डपच मूलशंकर मेहता, दौलत सैनी, महेंद्र कुमार सैनी ,भास्कर जांगिड़ सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

## इश्क़ का कलावा

तुम हो भोले या ऐसा कोई दिखावा है
इश्क़ करते हो या इश्क़ का छलावा है
वो जो परछाई तेरे साथ चला करती है
मै तो समझा था मेरी है या मेरे अलावा है
तुम को बेफिक्र मेरी जान यहां रहना है
तेरे हाथों में अब इश्क़ का कलावा है
लोग समझे नहीं और ना समझे थे कभी
ये तमाशा नहीं बस तमाशे का पछतावा है
उनकी नजरों ने कई बार पुकारा है मुझे
हम न समझे के ये धमकी है या बुलावा है
ऐसे भी लोग पहुंच जाते हैं बुलन्दी पर
जोनहीं जानते मातम है क्या- क्या बधावा है
मानभी जाओ अब इज़हारे मोहब्बत करलो
ओ मेरी जान ये मेरी रुह का चढ़ावा है

**तख़लीक़:- फ़ज़लुर्रहमान**
**सहायक सचिव ( सेवा निवृत्त)**

# श्री श्याम सलोना सेवा समिति ने श्रीकृष्ण गौशाला को भेंट की तीसरी चारे की गाड़ी



चौमूं, (रॉयल पत्रिका)। श्री श्याम सलोना सेवा समिति द्वारा गौ सेवा के प्रति समर्पण का भाव फिर एक बार उदाहरण बना, जब समिति ने अपने गौ सेवा महा अभियान के तहत तीसरी पिकअप चारे की गाड़ी श्रीकृष्ण गौशाला, चौमूं को भेंट की। इस पुण्य कार्य के साक्षी शहर के प्रतिष्ठित जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और समिति के सदस्य बने।इस अवसर पर कई प्रमुख व्यक्तित्व उपस्थित रहे, जिनमें पूर्व विधायक रामलाल शर्मा, थाना अधिकारी प्रदीप शर्मा, डॉ. एन. सी. निठारवाल, कृषि उपज मंडी अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, अनुराग शर्मा, हजारीलाल शर्मा, डॉ. आर. एस. मानावत, राजेश अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, अनिल दुसाद, मनीष गोयल, दिनेश अग्रवाल, गोवर्धन थावरिया और कन्हैयालाल सांवरिया प्रमुख रूप से शामिल थे। समिति के सक्रिय सदस्य मनीष गोयल ने इस मौके पर बताया कि, "यह हमारी संस्था का तीसरा प्रयास है गौ सेवा के क्षेत्र में। हमारा उद्देश्य है कि हर जरूरतमंद गौशाला को समय-समय पर चारा एवं अन्य आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जाएं। भविष्य में इस सेवा को और भी व्यापक स्तर पर ले जाने का संकल्प है।"

# तार टूटने से फैला करंट, कई मवेशियों की मौत

## -प्रशासन ने किया मौका मुआयना, मुआवज़े का आश्वासन



चौमूं (रॉयल पत्रिका)। ग्राम पंचायत आलीसर के निकट ग्राम चारणवास की ओर जाने वाले रास्ते के पास स्थित गुर्जरों की ढाणी में शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। 11 हजार केवी का बिजली का तार अचानक टूटकर नीचे गिर पड़ा, जिससे पशुपालक हेमाराम और दानाराम गुर्जर की बाड़े में बंधे मवेशी करंट की चपेट में आ गए। हादसे में चार बकरियां, दो भेड़ और एक गाय की मौके पर ही मौत हो गई। गनीमत यह रही कि पूरे बाड़े में करंट नहीं फैला, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। घटना की सूचना मिलते ही प्रशासक सरपंच प्रभु नारायण यादव, पंचायत समिति सदस्य लालचंद यादव, कालाडेरा मंडल अध्यक्ष, और अन्य जनप्रतिनिधि घटनास्थल पर पहुंचे। प्रशासन की ओर से गोविंदगढ़ के हल्का गिरदावर मथुरा प्रसाद यादव, पटवारी ओमप्रकाश, पशुपालन विभाग के डॉ. विजय यादव, तथा गोविंदगढ़ थाना प्रभारी चंद्रशेखर शर्मा अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पशु चिकित्सकों द्वारा मवेशियों का पोस्टमार्टम कर उन्हें दफना दिया गया। अधिकारियों ने मौके की रिपोर्ट बनवाकर उच्च अधिकारियों को भेजने और मुआवज़ा दिलवाने का भरोसा दिया। पशुपालन विभाग की टीम ने मौके पर ही नुकसान का आंकलन किया और जल्द से जल्द मुआवज़ा दिलवाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर समाजसेवी महेंद्र कुमार यादव, पवन शर्मा, कैलाश कुमावत, रामदेव गुर्जर, आलीसर व्यापार मंडल अध्यक्ष कमल कुमार जैन, और मालीराम खातोदिया सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने एक सुर में प्रशासन से पीड़ित पशुपालकों को उचित मुआवज़ा एवं सहायता देने की मांग की, जिसे अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने स्वीकार करते हुए यथाशीघ्र सहायता का भरोसा दिया।

# जमवाय माताजी की उपासना से मनुष्य के कष्ट दूर होते हैं - महाराज

## -बड पिपली धाम के मंहत परमेंद्र नाथ जी महाराज का सिंगोद में किया स्वागत



चौमू, (रॉयल पत्रिका)। ग्राम सिंगोद स्थित जमवाय माता मंदिर में बुधवार को बड पिपली बालाजी धाम झोटवाड़ा के महंत परमेंद्र नाथ जी महाराज सैकड़ो गाड़ियों के काफिले के साथ सिंगोद जमवाय माता मंदिर में पहुंचे भक्तों को प्रवचन देते हुए परमेंद्र नाथ जी महाराज ने कहा कि कच्छावा वंश की कुलदेवी जमवाय माताजी की उपासना करने से मनुष्य के सभी कष्ट दूर होते हैं और देवी की उपासना से मनुष्य का आध्यात्मिक ज्ञान बढ़ता है कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने जमवाय माता मंदिर के मुख्य गेट पर बड पिपली धाम के मंहत परमेंद्र नाथ जी महाराज का पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया कार्यक्रम के दौरान जमवाय माता सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष हरि सिंह सिंगोद एवं अर्जुन सिंह व तेज सिंह ने परमेंद्र नाथ जी महाराज को जमवाय माता की तस्वीर देकर एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया इस मौके पर श्री राजपूत सभा जयपुर देहात अध्यक्ष मोती सिंह सांवली, पूर्व जिला परिवहन अधिकारी भवानी सिंह मूडरु, राजस्थान पुलिस के सीआई राम सिंह नाथावत, पूर्व पुलिस जेल उप महानिरीक्षक शंकर सिंह खगारोत मेहता, स्कूल शिक्षा समूह के निदेशक रामबाबू मेहता, श्री राजपूत सभा जयपुर पूर्व सचिव मोहन सिंह बगड़, उद्योगपति तेजपाल सिंह दिसनाऊ, ड्राईफूड व्यापारी गोपाल अग्रवाल, एडवोकेट भवानी सिंह मुंडोता, राजपूत करणी राष्ट्रीय महासचिव नारायण सिंह दिवराला, शिक्षाविद हनुमान सिंह, नांगल जेठू सिंह, गुमान सिंह, ओम सिंह, पप्पू सिंह, पुलकित सिंह, सरदार सिंह सहित अनेक लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम में मंच का संचालन शिक्षक अर्जुन सिंह शेखावत ने किया।

पृष्ठ 1 का शेष...

# हज की तैयारी पूरी, अराफात...

हाजी मीना के लिए रवाना होंगे। हदीस के मुताबिक इस दिन रात के करीब मीना पहुंचना चाहिए, ताकि अगले दिन के लिए तैयारियाँ शुरू हो सकें। यह दिन 'तर्वीयाह दिवस' (8 धुल हिज्जा) कहलाता है। हाजी दिन भर मीना में ही रहकर इबादत और नमाज़–ओ–दुआ में मसरूफ़ रहते हैं। ईशा के बाद नई रात में हाजियों को अराफात के लिए रवानगी कर देना चाहिए, ताकि सुबह तक अराफात पहुँचा जा सके।

अराफात का दिन: 5 जून (9 धुल हिज्जा) अराफात दिन है, जिसे हज का बुलंद मकाम माना जाता है। इस दिन हाजियों को सूरज निकलने से पहले अराफात मैदान (माउंट ऑफ मरसी) में खड़े होकर नमाज़, दुआ और इबादत करनी है। सूरज ढलने के बाद ही हाजियों को मुज़दल्फ़ा के लिए रवानगी करनी होगी। मुज़दल्फ़ा पहुंचने पर मगरिब और ईशा की नमाज़ एक साथ अदा करें और अगले दिन के जमरात के लिए कंकरियाँ जमा करें।

ईद उल-अज़्हा व जमरात: 6 जून (10 धुल हिज्जा) ईद उल-अज़्हा का पहला दिन है और हज का दूसरा जरूरी दिन है। दिन चढ़ते ही हाजियों को मुज़दल्फ़ा से मीना लौटना है। मीना पहुँचकर सबसे पहले बड़े शैतान (जम्मारत-ए-अकबर) पर सात कंकरियां फेंकें। इसके बाद कुर्बानी अदा करें और सिर मुंडवाएँ (हल्क/तस्लीख), यानि एहराम से बाहर आएँ। इसी दिन या उसके बाद हाजियों को मक्का जाकर तवाफ़-ए-इफ़ादा (तवाफ़ ए ज़ियारत) भी करना है।

शैतान पर कंकरी फेंकना: 7 जून (11 धुल हिज्जा) को मीना में हाजियों को तीनों जमरात (शैतान) पर सात- सात पत्थर फेंकने हैं। यह पहला यौम-ए-तशरीक (12,13,14 धुल हिज्जा) का दिन है। 8 जून (12 धुल हिज्जा) को भी हाजियों को तीनों जमरात पर सात- सात पत्थर फेंकने हैं। इस दिन ज़ूहर की नमाज़ तक मीना में रुकने के बाद सूरज डूबने से पहले मक्का रवानगी लेनी है।

वतन वापसी से पहले हाजी मक्का लौटकर तवाफ़ ए विदा करेंगे और फिर अपने मुल्क वापसी करेंगे। 14 धुल हिज्जा (10 जून, 2025) को हाजी अपने घर लौटने के लिए रवाना होंगे। परंपरा के अनुसार इस अलविदा दौर में हर हाजी को काबा शरीफ़ का अंतिम चक्कर लगाना होता है।

# राजनीति में मर्यादा और संवेदनशीलता की पुनर्स्थापना आवश्यक - डॉ. सुमित गर्ग



सवाई माधोपुर, (रॉयल पत्रिका)। हाल ही में आजतक चैनल पर प्रसारित एक टेलीविज़न बहस के दौरान भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता प्रेम शुक्ला द्वारा कांग्रेस प्रवक्ता सुरेंद्र राजपूत की दिवंगत माता के प्रति जो आपत्तिजनक और अपमानजनक टिप्पणी की गई, वह न केवल मानवीय मर्यादा के विरुद्ध है, बल्कि हमारी सनातन संस्कृति, सामाजिक मूल्यों और संवेदनशीलता का भी अपमान है। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी महासचिव एवं प्रवक्ता डॉ. सुमित गर्ग ने इस घटना पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर अवगत कराया है कि माता-पिता हमारे जीवन, समाज और संस्कृति में सर्वोच्च स्थान रखते हैं। राजनीतिक असहमति लोकतंत्र का अभिन्न हिस्सा है, लेकिन जब विमर्श के स्तर पर किसी की दिवंगत माता को निशाना बनाया जाए, तो राजनीति के पतन का संकेत है।

डॉ. गर्ग ने पत्र के माध्यम से बताया कि स्पष्ट किया कि वे किसी दंड की मांग नहीं कर रहे, लेकिन यह अवश्य जानना चाहते हैं कि क्या ऐसे व्यक्ति को भारतीय जनता पार्टी जैसी अनुशासित और सांस्कृतिक मूल्यों पर आधारित संगठन में स्थान मिलना चाहिए। प्रवक्ता सुरेंद्र राजपूत के साथ खड़े होकर डॉ. सुमित गर्ग ने प्रधानमंत्री से निवेदन किया है कि इस घटना पर एक नैतिक और मानवीय संदेश अवश्य दिया जाए, जिससे राजनीति में मर्यादा, गरिमा और सामाजिक मूल्यों की पुनर्स्थापना संभव हो सके।

# सांगानेर में हो रहा है अवैध निर्माण का खेल

## -नगर निगम प्रशासन पूरी तरह फैल

**मोहम्मद सादिक हिन्दस्तानी**



सांगानेर, (रॉयल पत्रिका)। ग्रेटर नगर निगम जोन सांगानेर के कार्यालय से महज 200 मीटर की दूरी पर, एक बड़ा अवैध निर्माण कार्य चर्चाओं में है। सूत्रों के आधार पर मालपुरा गेट दरवाजे के पास, ताम्बी मेडिकल के समीप बिना किसी नोटिस बोर्ड चस्वे के ग्राउंड फ्लोर का निर्माण पहले ही पूरा हो चुका है, और अब प्रथम मंज़िल का काम धड़ल्ले से जारी है। चौंकाने वाली बात यह है कि सेटिंग सब पर भारी है। निर्माण स्थल पर न कोई अनुमति बोर्ड है,और न ही कोई वैधानिक सूचना। इससे यह साफ संकेत मिलते हैं कि, यह निर्माण पूरी तरह से गैर कानूनी ढंग से हो रहा है।और इसे रोकने की बजाय नगर निगम व प्रशासनिक अधिकारी आँखें मूंदे बैठे हैं।

**डीसी, बिल्डर और आर्किटेक्ट पर उठे सवाल**

स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों का आरोप है कि यह निर्माण (डीसी), नगर निगम के अधिकारियों, बिल्डर और आर्किटेक्ट की मिलीभगत का परिणाम है। इतने बड़े पैमाने पर बिना रोकटोक के निर्माण, और कार्यालय से इतनी नज़दीकी पर हो रहे इस कार्य से यह साफ झलकता है कि प्रशासन की मिलीभगत या जानबूझकर अनदेखी इसमें शामिल है।

पार्किंग और ट्रैफिक की समस्या को नज़र अंदाज़ कर रहा है निर्माण कार्य

सांगानेर पहले से ही पार्किंग और ट्रैफिक की विकराल समस्या से जूझ रहा है। ऐसे में इस नए निर्माण में पार्किंग की कोई व्यवस्था नहीं दिखाई दे रही है। जिससे भविष्य में स्थानीय यातायात और अव्यवस्था और भी गंभीर हो सकती है।

**प्रशासन की चुप्पी से कई सबाल हो रहे खडे**

नगर निगम की चुप्पी और डीसी कार्यालय की निष्क्रियता कई गंभीर सवाल खड़े कर रही है। यदि इस निर्माण पर समय रहते रोक नहीं लगाई गई, तो यह न केवल नगर निगम के राजस्व को हानि पहुँचा सकता है, बल्कि शहर की कानूनी व्यवस्था को भी ध्वस्त कर सकता है।

स्थानीय नागरिकों ने मांग की है कि इस निर्माण कार्य की तत्काल जांच की जाए और दोषी चाहे वे बिल्डर हों, आर्किटेक्ट हों या सरकारी अधिकारी सभी पर सख्त कानूनी कार्यवाही हो। यदि प्रशासन समय पर जागरूक नहीं हुआ, तो सांगानेर की शहरी संरचना खतरे में पड़ सकती है।

# श्री मानव हित सामाजिक सेवा संस्था द्वारा किया गया 27वां सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन



सांगानेर, (रॉयल पत्रिका)। प्रताप नगर की श्री मानव हित सामाजिक सेवा संस्था के द्वारा 27 वां सर्व समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन काठिया बाबा आश्रम हरणी रोड भीलवाड़ा में आयोजित किया गया। संस्था की उपाध्यक्ष मधु पांडे ने दी जानकारी के अनुसार 28 जोड़ों का विवाह बहुत ही सादगी के साथ संपन्न हुआ। धूमधाम से शहर में कलश यात्रा निकाली गई। इसके बाद दोपहर 2:00 बजे पणिग्रहण संस्कार संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में श्री मानव हित सामाजिक सेवा संस्थान के प्रदेश अध्यक्ष हनुमान सहाय कटारिया असिस्टेंट सद्दाम बिग बॉस, प्रदेश महामंत्री मन्नू मीणा, प्रदेश कोषाध्यक्ष सौरभ पवार, प्रदेश उपाध्यक्ष मधु तंवर, महिला प्रदेश अध्यक्ष किरण प्रजापत , बांरा जिला सचिव लक्ष्मी यादव, प्रदेश मीडिया प्रभारी सादिक हिन्दस्तानी, जिला अध्यक्ष प्रियांशु पांडे ,अरविंद शर्मा तथा विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारी और भीलवाड़ा के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे है।

# कमल कुमार जैन बने कांग्रेस पश्चिमी ब्लॉक के उपाध्यक्ष



चौमूं, (रॉयल पत्रिका)। आलीसर निवासी कमल कुमार जैन को कांग्रेस पश्चिमी ब्लॉक का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह घोषणा चौमूं के पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी और गिरिराज देवदां कांग्रेस समिति की ओर से की गई। वे लंबे समय से सामाजिक और व्यापारिक क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं और अब राजनीतिक मंच पर भी अपनी सेवाएं देने को तैयार हैं। अपनी नियुक्ति पर खुशी जाहिर करते हुए कमल कुमार जैन ने कहा कि यह मेरे लिए सम्मान की बात है। चौमूं क्षेत्र के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के लिए हम सब मिलकर कार्य करेंगे। इस अद्त अवसर के लिए मैं सभी का अभिनंदन और आभार व्यक्त करता हूँ।

पृष्ठ 1 का शेष...

# अब्बास अंसारी की विधायकी...

जमानत मिली थी। उनकी पत्नी निखत अंसारी भी बिना इजाज़त जेल में उनसे मिलने के आरोप में करीब 5 महीने जेल में रही थीं।

कई और नेता भी गंवा चुके हैं सदस्यता

इससे पहले भी कई नेताओं की संसद या विधानसभा सदस्यता उनके अपराध साबित होने के बाद रद्द हो चुकी है, जैसे:
अब्दुल्ला आज़म (सपा)
इरफान सोलंकी (सपा)
रशीद मसूद (कांग्रेस)
अशोक चंदेल (भाजपा)
कुलदीप सेंगर (भाजपा)

कानूनी प्रावधान क्या कहते हैं?

'जनप्रतिनिधित्व कानून 1951' की धारा 8(3) के अनुसार अगर किसी जनप्रतिनिधि को दो साल या उससे अधिक की सजा होती है तो उसकी सदस्यता स्वतः समाप्त हो जाती है। पहले इसमें तीन महीने की मोहलत दी जाती थी, लेकिन 2013 में सुप्रीम कोर्ट ने इस छूट को खत्म कर दिया और कहा कि सजा के साथ ही सदस्यता भी खत्म हो जाएगी।

# राज्यपाल ने जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर योजनाओं की समीक्षा की



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि गरीब वंचित वर्ग के उत्थान के लिए विभागीय अधिकारी हमेशा कटिबद्ध रहे। जिले के अंतिम छोर तक बैठे प्रत्येक वंचित एवं पात्र व्यक्ति को विकास कार्यक्रमों व योजनाओं से लाभान्वित करें। राज्यपाल बागडे सोमवार को दो दिवसीय भीलवाड़ा दौरे के दौरान कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला स्तरीय बैठक में अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे। राज्यपाल ने केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं एवं वंचित वर्ग के सामाजिक एवं आर्थिक रूप से उत्थान के लिए प्रगतिरत कार्यक्रमों की समीक्षा की। राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत वंचित रहे शेष पात्र लोगों को आवास हेतु ऋण स्वीकृत कराए साथ ही गर्मी के मौसम में तापमान को कम करने के लिए हरियालो राजस्थान अभियान के तहत तय लक्ष्यों के अनुरूप पौधे लगाए एवं पूर्व में लगाए गए पौधों में से वर्तमान में जीवित पौधे कितने उनका रेंडम सर्वे करवाया जाए।उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों को जोड़ने वाली सड़कों की जानकारी ली एवं निर्देशित किया कि वर्तमान में डामरीकरण से शेष रही सड़कों को सांसद/विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास योजना या अन्य मद से बजट उपलब्ध करवाकर आगामी समय में सड़के बनाई जाए ताकि ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को परिवहन में आसानी हो। उन्होंने जल जीवन मिशन योजना की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी शत प्रतिशत हर घर जल कनेक्शन करना सुनिश्चित करें।

**सूचना**

समाचार पत्र में प्रकाशित लेखों में लेखक के अपने विचार हैं, इनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

# सरकार बदलते ही राजकीय स्वास्थ्य केंद्र, रामगंज चौपड़ के बुरे दिन शुरू !

**-करीब 500 मरीजों का आउट्डोर होने के बावजूद यहाँ डॉक्टर नर्सिंग स्टाफ, लेब टेक्निशियन का यहाँ से ट्रांसफर कर दिया गया है**

**-पहले यहाँ 15 तरीके कि जाँचें होती थी, अब जाँचों के उपकरण कमरों मे बंद होकर धूल चाट रहे हैं**





जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। सियासत के गलियारों में राजस्थान की एक ख़ास पहचान है, कहा जाता है राजस्थान में हर 5 साल में सरकार बदलती ही है। लेकिन इस का नुक़सान कई सरकारी योजनाओं पर पड़ता है।

जयपुर में रामगंज स्थित राजकीय स्वास्थ्य केंद्र का भी यही हाल है। कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में यह डिस्पेंसरी एक बड़े विज़न के तहत बनायी गई थी। इसका उद्घाटन स्वयं ख़ुद कांग्रेस विधायक अमीन काग़ज़ी ने किया था लेकिन अब सरकार बदल गई है और अब यह अस्पताल स्टाफ की कमी से जूझ रहा है।

एक रिपोर्ट के अनुसार एक दिन में यहाँ औसत क़रीब 500 से अधिक मरीज़ आते हैं। इतने कम स्टाफ के कारण सभी को काफ़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। मरीजों को काफ़ी लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ता है और स्टाफ को भी मरीजों को हैंडल करना मुश्किल होता है।

गौर करने की बात यह है इस अस्पताल में कोई एक गार्ड तक नहीं है। कुछ समय पहले आख़िरी दो लैब टेक्नीशियन को भी हटा दिया गया, एक टेकनीशियन है,जो किशनपोल सेटेलाइट का है जिसकी वजह से कुछ ही जाँचे हो रही हैं। पहले यहाँ 15 तरह की जाँच होती थी। फ़िलहाल ये डिस्पेंसरी किशनपोल डिस्पेंसरी के स्टाफ की मदद से चल रही है। किशनपोल डिस्पेंसरी का निर्माण कार्य समाप्त होने वाला है, जिसके पश्चात वह स्टाफ वापस अपनी बिल्डिंग में चला जाएगा। रामगंज स्थित इस चिकित्सालय को एक बड़े विज़न के तहत उद्घाटन किया गया था, लेकिन सरकार के बदलने अब ये इन तमाम मुश्किलों से गुज़र रहा है।

यह डिस्पेंसरी बड़े दो मंज़िला भवन में बनी हुई है जिसमे कई कमरे हैं लेकिन ज़्यादातर पर ताला पड़ा हुआ है। एक रिपोर्ट के अनुसार इस डिस्पेंसरी में रोज़ 30-40 मरीज़ भर्ती होते हैं लेकिन 24 घंटे के लिए स्टाफ की कमी के कारण उनको 3-4 घंटों में मजबूरन छुट्टी दे दी जाती है।

कोरोना काल के दौरान यहाँ क़रीब 6 ICU एवं 6 वेंटीलेटर भी लाए गए थे, अब तमाम ऐसे उपकरण कमरों में बंद हैं। जिस वजह से जनता को इससे कोई फ़ायदा नहीं हो रहा है। यहाँ दवाईयों कि कमी का सामना भी आम जानता को करना पड़ता है। रामगंज स्थित इस स्वास्थ्य केंद्र में 3 वरिष्ठ चिक़ित्सक अधिकारी, एक महिला रोग विशेषज्ञ है। इनके अलावा एक वार्ड बॉय है जो रिटायरमेंट के क़रीब है। इसी के साथ यहाँ 3 ANM ( नर्स) हैं। जिनमे से एक अभी लंबी छुट्टी पर है, एक को स्टोर संभालना पड़ रहा है और एक टीके वगैरह लगाती है। CMHO को कई बार स्टाफ कि कमी से अवगत कराया गया, पत्र भी लिखा लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। आख़िर कब तक जनता इन तमाम परेशानियों से जूझती रहेगी और सिर्फ़ स्टाफ कि कमी के कारण चिकित्सा सुविधाओं से दूर रहेगी।

# रूबी खान की अगुवाई में प्रतिनिधिमंडल ने अलीगढ़ में की पीड़ितों से मुलाकात

**-घटना को बताया 'इंसानियत पर हमला', सरकार की चुप्पी पर उठाए सवाल, परिवारों को दिलाया न्याय का भरोसा**

जयपुर/अलीगढ़, (रॉयल पत्रिका)। बीते दिनों उत्तर प्रदेश के अलीगढ में गोकशी के शक के आधार पर चार मुस्लिम युवकों की बेरहमी से की गई पिटाई ने केवल अलीगढ ही नहीं, पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। पीड़ितों की हालत नाजुक बनी हुई है और वे अलीगढ़ के जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज में भर्ती हैं। घटना के बाद कांग्रेस पार्टी के अल्पसंख्यक विभाग ने तत्परता दिखाते हुए एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल को अलीगढ़ भेजा। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी के निर्देश पर पहुँचे इस डेलिगेशन ने मेडिकल कॉलेज जाकर सभी घायलों से मुलाकात की, उनकी स्थिति की जानकारी ली और परिजनों को हर संभव सहयोग व न्याय का भरोसा दिलाया।

**रूबी खान के नेतृत्व में पहुंचा प्रतिनिधिमंडल**

एआईसीसी अल्पसंख्यक विभाग की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और यूपी प्रभारी रूबी खान के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल में महमूद खान, रईस अंसारी, अनवर अनीस, विंसेंट जोएल, मुनीर अकबर, महानगर अध्यक्ष वसीम ठाकुर, जमील अहमद, लीना कुमार और कई वरिष्ठ नेता शामिल रहे। इस मौके पर रूबी खान ने कहा कि यह सिर्फ इंसान पर हमला नहीं, इंसानियत पर हमला है। समाज की आत्मा को झकझोर देने वाली



इस घटना पर सरकार की चुप्पी शर्मनाक है। हम चाहते हैं कि ऐसी मिसाल कायम हो जिससे भविष्य में कोई इस तरह की हैवानियत करने की हिम्मत न कर सके।

# सोलर प्लांट के नाम पर ठगी करने वाला राहुल शर्मा गिरफ्तार



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। सोलर प्लांट लगाने के नाम पर लोगों से लाखों की ठगी करने वाले और करीब एक साल से फरार चल रहे आरोपी राहुल शर्मा उर्फ शंकर शर्मा को पुलिस ने जोधपुर से गिरफ्तार कर लिया है। डीसीपी जयपुर पूर्व तेजस्विनी गौतम ने बताया कि आरोपी राहुल शर्मा उर्फ शंकर भोले-भाले लोगों को अपने जाल में फंसाता था। वह घरों में सोलर प्लांट लगाने का झांसा देकर एडवांस में रकम ले लेता था और फिर लंबे समय तक टालमटोल करने के बाद फरार हो जाता था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण संख्या 223/24 में धारा 420 व 406 आईपीसी के तहत मामला दर्ज किया था। शिकायतकर्ता सीताराम कूलवाल ने 27 जून 2024 को रिपोर्ट दी थी कि आरोपी ने उनसे सोलर प्लांट लगाने के नाम पर धोखाधड़ी की है। आरोपी लगातार अपनी लोकेशन बदलता रहा। खैरथल, भिवाड़ी, गुड़गांव जैसे स्थानों पर छुपता रहा।

आखिरकार 30 मई 2025 को पुलिस की तकनीकी शाखा की मदद से आरोपी की लोकेशन जोधपुर में ट्रेस की गई, जहां से उसे डिटेन कर गिरफ्तार किया गया। अपराधी को पकड़ने वाली पुलिस टीम में संग्राम सिंह,(पुलिस निरीक्षक पुलिस थाना मालवीय नगर) मुकेश कुमार सहायक उप निरीक्षक, पुखराज कानि. 11644, संदीप कुमार कानि. 11245, संजय कानि. 11127 का योगदान रहा।

# निम्स की छात्राओं शीबा खान और कल्याणी कुमारी का यूनाइटेडलेक्स में हुआ चयन

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। निम्स विश्वविद्यालय, जयपुर के लॉ स्कूल ने इतिहास रचते हुए अपनी पहली प्लेसमेंट सफलता दर्ज की है। विश्वविद्यालय की एलएलबी तृतीय वर्ष की दो मेधावी छात्राओं शीबा खान और कल्याणी कुमारी को प्रतिष्ठित बहुराष्ट्रीय कंपनी Unit-edLex में चयनित किया गया है। उल्लेखनीय है कि यह प्लेसमेंट अंतिम सेमेस्टर की परीक्षाओं से पहले ही सुनिश्चित हो गई, जो कि विश्वविद्यालय एवं छात्रों दोनों के लिए एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। दोनों छात्राओं को कंपनी की ओर से उत्कृष्ट वार्षिक पैकेज की पेशकश की गई है।

प्लेसमेंट प्रक्रिया में एलएलबी छठे सेमेस्टर तथा बीए/बीबीए एलएलबी दसवें सेमेस्टर के सभी विद्यार्थियों को भाग लेने का अवसर मिला था। कई छात्रों ने इंटरव्यू राउंड तक पहुँच बनाई, परंतु अंतिम चयन केवल दो छात्राओं का ही हुआ। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार, शीबा खान और कल्याणी कुमारी शुरू से ही शैक्षणिक रूप से अव्वल रही हैं और प्रत्येक सेमेस्टर में टॉप रैंक हासिल करती रही हैं। निम्स विश्वविद्यालय ने इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए दोनों छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी हैं।

# 400 मेधावी छात्र-छात्राओं का हुआ सम्मान

**-मुस्लिम बालिका महाविद्यालय में 'तिरंगा अवॉर्ड' समारोह का आयोजन**



जयपुर, (रॉयल पत्रिक)।राजधानी जयपुर के एम.डी. रोड स्थित मुस्लिम स्कूल कैंपस में रविवार शाम शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले करीब 400 छात्र-छात्राओं को 'तिरंगा अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार वितरण समारोह एवं करियर काउंसलिंग सेमिनार मुस्लिम बालिका महाविद्यालय (अंजुमन तालीमुल मुस्लिमीन) द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विशेष रूप से कक्षा 12वीं (बैच 2024-25) की छात्राओं के लिए किया गया था, जिन्होंने आर्ट्स, कॉमर्स और साइंस स्ट्रीम में 60% से अधिक अंक प्राप्त किए। ख़ास बात यह है 30 वह छात्र एवं छात्राएं थी जिन्होने 12 कक्षा में 90 % से ज़्यादा अंक प्राप्त किए। कार्यक्रम में मुस्लिम समुदाय की उन बालिकाओं को भी सम्मानित किया गया जिन्होंने सीमित संसाधनों के बावजूद उल्लेखनीय सफलता हासिल की। पंजीकरण प्रक्रिया 27 मई से 30 मई 2025 तक चली, जिसमें राजस्थान यूनिवर्सिटी माइनॉरिटी ग्रुप के जासिर पठान , सोहेल खान नागौरी और मकसूद रंगरेज़ ने कमेटी के साथ मिलकर सक्रिय सहयोग दिया। इस अवसर पर छात्राओं के साथ उनके अभिभावक, समाज के प्रबुद्धजन, शिक्षाविद् और गणमान्य अतिथि भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# रकमा आयोजित करेगी शपथ ग्रहण व प्रतिभा सम्मान समारोह



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। रकमा जयपुर की जिला कार्यकारिणी की द्वितीय बैठक रविवार सुबह 10 बजे मुस्लिम मुसाफिर खाना, जयपुर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संगठन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष आबिद अंसारी ने की, जबकि कार्यक्रम की शुरुआत अब्दुल वहाब द्वारा कुरआन-ए-पाक की तिलावत से हुई। इस अवसर पर सैयद शाकिर अली (प्रधानाचार्य एवं महासमिति सदस्य) मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। बैठक में जिला अध्यक्ष मोहम्मद साबिर अब्बासी ने कार्यकारिणी सदस्यों का स्वागत करते हुए उनका परिचय प्राप्त किया और संगठन की भावी योजनाओं पर चर्चा की। अब्बासी ने कार्यकारिणी सदस्यों की शपथ ग्रहण व बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं एवं हाजियों के सम्मान समारोह के शीघ्र आयोजन का प्रस्ताव रखा। साथ ही संगठन के प्रति सक्रियता व समर्पण के लिए सभी सदस्यों से जागरूकता और भागीदारी बढ़ाने का आह्वान किया। जल्द ही शपथ ग्रहण और सम्मान समारोह की तिथि घोषित की जाएगी।

# स्मैक के साथ एक आरोपी गिरफ्तार



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। करधनी थाना पुलिस ने शुक्रवार को 7.14 ग्राम स्मैक बरामद करते हुए आरोपी नेमी सिंह कुम्हार को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी सवाई सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने ये कार्रवाई की। पुलिस टीम ने निवारू लिंक रोड पर दबिश दी और एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 7.14 ग्राम स्मैक बरामद हुई। आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ NDPS एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की गहन जांच जारी है। मुलजिम को पकडने वाली टीम में आशिष कुमार उनि (थाना करधनी), अमित सिंह हैड कानि, बाबूलाल कानि, गजानन्द कानि, मुकेश गोरा कानि, प्रेम चन्द कानि, दिनेश कुमार कानि, महेश कुमार कानि का योगदान रहा।

# रास्ता खोलो अभियान में खुलवाए गए 1 हजार 182 रास्ते

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशों की अनुपालना में जयपुर जिले में संचालित रास्ता खोलो अभियान अब ग्रामीणों एवं किसानों के लिए राहत का दूसरा नाम बन गया है। 7 महीने से भी कम समय में जयपुर जिले में बरसों से बंद एक हजार 182 रास्ते खुलवाकर लाखों ग्रामीणों की खेतों एवं गांवों की राह आसान की है। जयपुर जिले में रास्ता खोलो अभियान के सफल क्रियान्वयन एवं अधिक से अधिक आमजन को लाभांवित करने के लिए जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी स्वयं अभियान की लगातार मॉनिटरिंग कर रहे हैं। अभियान के तहत रास्ते खुलवाने के मामले में फागी अव्वल है जहां सर्वाधिक 102 रास्ते खुलवाए गए हैं तो वहीं, चौमूं में प्रशासन ने 85 रास्ते खुलवा कर ग्रामीणों को राहत प्रदान की है। अभियान के नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं देवेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशन में प्रत्येक तहसील में हर सप्ताह 3 रास्ते खुलवाकर लाखों ग्रामीणों को राहत प्रदान की जा रही है। रास्ता खोलो अभियान के तहत जिला प्रशासन ने समझाइश एवं सहमति से गांवों, खेतों और ढाणियों के बरसों से बंद पड़े एक हजार 182 रास्ते खुलवाए गए हैं। उन्होंने ने बताया कि 15 नवंबर 2024 से 31 मई 2025 तक अभियान के तहत जयपुर तहसील में 4 रास्ते, कालवाड़ तहसील में 8 रास्ते, आमेर तहसील में 64 रास्ते, जमवारामगढ़ तहसील में 54 रास्ते, आंधी तहसील में 62 रास्ते, बस्सी तहसील में 62 रास्ते, तूंगा तहसील में 44 रास्ते खुलवाए गए। वहीं, शाहपुरा तहसील में 73 रास्ते, जोबनेर तहसील में 65 रास्ते, किशनगढ़-रेनवाल तहसील में 55 रास्ते, फुलेरा तहसील में 63 रास्ते, रामपुरा-डाबड़ी तहसील में 50 रास्ते, जालसू तहसील में 41 रास्ते खुलवाए गए।

# मंसूरी समाज के रक्तदान शिविर में 300 से अधिक लोगों ने किया रक्तदान



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। रामगढ़ मोड़ स्थित मंसूरी समाज केंद्र में रविवार को मंसूरी तेली राजावटी समाज की ओर से पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की स्मृति में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। आयोजन में विभिन्न समुदायों के 300 से अधिक युवाओं और महिलाओं ने भी उत्साह के साथ भागीदारी की। इस मौके पर समाज के अध्यक्ष हाजी अकबर चौहान ने बताया कि समाज के भीतर सेवा, जागरूकता और सौहार्द की भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह शिविर आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि मंसूरी समाज इससे पहले भी सामूहिक विवाह जैसे कई सामाजिक कार्यक्रमों का सफलतापूर्वक आयोजन कर चुका है।इस मौके पर किशनपोल विधायक अमीन कागजी भी मौजूद रहे।

# साहित्यकार रिज़वान ऐजाज़ी को मिला 'अटल तिरंगा सम्मान'

**-जयपुर में हुआ भव्य सम्मान समारोह**




जयपुर, (रॉयल पत्रिका)।प्रख्यात लेखक और साहित्यकार रिज़वान ऐजाज़ी को प्रतिष्ठित 'अटल तिरंगा सम्मान' से नवाज़े जाने की खुशी में शनिवार 31 मई को जयपुर के राजापार्क स्थित पिंक कैफे में एक भव्य बधाई समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर रिटायर्ड जज राव उस्मान, वरिष्ठ आईएएस अधिकारी के.के. पाठक, रिटायर्ड आईएएस अधिकारी ए.आर. खान, डॉ. रहीम खान समेत कई गणमान्य हस्तियों ने उन्हें गांधी टोपी पहनाकर, मालाएं और मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का आयोजन एआर वेलफेयर सोसाइटी और पीएमसी सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में हुआ।

उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष 26 दिसंबर को नई दिल्ली स्थित एनडीएमसी हॉल में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की स्वर्ण जयंती पर 'सैल्यूट तिरंगा' संगठन द्वारा आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में यह सम्मान प्रदान किया गया था। दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी ने रिज़वान ऐजाज़ी को यह सम्मान साहित्य और समाज सेवा के क्षेत्र में उनके अनुकरणीय योगदान के लिए प्रदान किया। यह सम्मान देश भर के 30 विशिष्ट व्यक्तियों को दिया गया है, जिनमें रिज़वान ऐजाज़ी अकेले मुस्लिम प्रतिनिधि हैं।

# लोडिंग टैम्पो चोर गिरफ्तार





जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। करधनी थाना पुलिस ने वाहन चोरी की एक वारदात का खुलासा करते हुए चोरी किया गया लोडिंग टैम्पो बरामद कर लिया है और एक आरोपी सुदीप भूनिआ को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने बीते 27 मई को श्याम नगर, बैनाड रोड क्षेत्र से यह टैम्पो चुराया था। पुलिस को श्याम नगर, बैनाड रोड से लोडिंग टैम्पो नंबर RJ14 GR 1527 चोरी होने की सूचना मिली। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए वाहन को बरामद कर लिया और आरोपी को धर दबोचा। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सुदीप भूनिआ पुत्र सुकुमार भूनिआ, जिला पश्चिम मेदिनापुर, पश्चिम बंगाल निवासी के रूप मे हुई है। मुलजिम को पकडने वाली टीम में आशिष कुमार उनि. (थाना करधनी, जयपुर) अमित सिंह हैड कानि, बाबूलाल कानि, गजानन्द कानि, मुकेश गोरा कानि, प्रेम चन्द कानि, दिनेश कुमार कानि, महेश कुमार कानि का योगदान रहा।

# पुलिस को अज्ञात मृतक के वारिस की तलाश



जयपुर,(रॉयल पत्रिका)। आदर्शनगर थाना क्षेत्र में गुरुवार 30 मई को एक बुज़ुर्ग व्यक्ति को अचेत अवस्था में घाटगेट इलाके मे यादव कचौड़ी वाले के पास, दुकान के आगे चबूतरे पर पड़ा पाया गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके इलाज के उसे लिए एसएमएस अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार मृतक की उम्र लगभग 60 साल है। वह नंगे बदन था और उसने चैक की लूंगी पहन रखी थी। प्रारंभिक जांच में वह मुस्लिम प्रतीत हो रहा है। शव को एसएमएस अस्पताल के मुर्दाघर में रखवाया गया है। पुलिस ने अपील की है कि यदि किसी व्यक्ति को इस मृतक के संबंध में कोई भी जानकारी हो, तो वह आदर्शनगर थाने के दूरभाष नंबर 0141-2721677 या मोबाइल नंबर 9829033187 पर संपर्क कर सकता है।

**रॉयल पत्रिका को पेमेंट करने का तरीका**

रॉयल पत्रिका में भुगतान नकद या चेक द्वारा रॉयल पत्रिका के पंजाब नेशनल बैंक, त्रिपोलिया बाजार, जयपुर के खाता संख्या 1939002100241695 में या पंजाब नेशनल बैंक की किसी भी नजदीकी शाखा में जमा करवा सकते हैं अथवा IFSC Code PUNB0193900 पर भी भुगतान नेट बैंकिंग के द्वारा कर सकते हैं। आपके सहयोग के लिए धन्यवाद ।

-संपादक

Scan Here

रॉयल पत्रिका

संपादकीय...

# देश की जनता से सच क्यों छिपाया जा रहा है?

भारत पाकिस्तान में चार दिन की युद्ध झड़पें हुई और भारतीय सेना ने पाकिस्तान की हालत पतली करके छोड़ दी। हालांकि युद्ध में नुकसान दोनों तरफ का हुआ है। लेकिन फिर भी देश का बच्चा-बच्चा सेना के शौर्य, साहस एवं बहादुरी की अच्छी तरह समझता है। लेकिन यह भी सही है कि देश की जनता उस चार दिनी युद्ध में हुए घटनाक्रम के बारे में जानना चाहती है। भारत के सीडीएस अनिल चौहान ने एक पत्रकार के जबाब में कहा कि सवाल यह महत्वपूर्ण नही है कि भारत के 6 फाइटर नष्ट हुए ! बल्कि उसके बाद भारतीय सेना ने सटीक निशाने लगाए और दुश्मन देश को ज्यादा नुकसान उठाना पड़ा। विपक्षी नेता और मीडिया के कुछ लोग आरोप लगा रहें है कि भारत के 6 फाइटर विमान जिनमें 4 राकेल विमान थे। युद्ध में दुश्मन की सीमा में मार गिराये गए। जबकि देश के प्रधानमंत्री और रक्षामंत्री ने एक बार भी लड़ाकू विमानों के नष्ट होने की बातें स्वीकार नहीं की है। अब जब सीडीएस की स्वारोक्ति के बाद देश में विपक्षी पार्टी के नेताओं, पत्रकारों द्वारा सवाल पूछे जाएंगे कि सच को क्यों छिपाया जा रहा है। साथ में यह भी आरोप लगना तय है कि राफेल खरीद में घोटाला हुआ था। राफेल फाईटर विमानों का सौदा मोदी के कार्यकाल मैं सबसे बड़ा रक्षा सौदा माना जाता है। एक छोटे से युद्ध में चार राफेल गिर जाना या गिराये जाना मामूली घटना नहीं है। पूर्ण युद्ध की स्थिति राफेल फाइटर पर कैसे भरोसा किया जा सकता है। राफेल फाइटर की घटना एक मात्र घटना नहीं है, जिसको सरकार जनता से छिपा रही है। सरकार ने 2011 में हुई जनगणना में जातियों और समुदाओं की प्रतिशत और उसकी संख्या को भी छिपा लिया। जिसकों आज तक देश की जनता नहीं जान पाई है। इसके अलावा भाजपा सरकार देश के इतिहास को बदलकर इतिहास की सच्चाईयों को छिपाना चाहती है कि जिन लोगों ने कभी एक भी युद्ध नही जीता उनको महापुरूष और बहादुर बताया जा रहा है। ऐसे झूठ और तथ्यों तोडमरोड़कर पढ़ाया जाएगा, उनको पढ़ने वाले युवा बहादुर साहसी और कुशल व्यक्ति के कैसे धनी बन सकेंगे? झूठ और गलत तथ्य पढ़ाकर युवा पीढ़ी को भ्रमित क्यों किया जा रहा है? जबकि सभी जानते है कि सच्चाई पर चलकर, सच्चा इतिहास पढ़कर आगे बढ़ा जा सकता हैं और भविष्य का मजबूत समाज एवं देश बनाया जा सकता है। लेकिन वर्तमान में ऐसा लगने लगा है कि देश की जनता से बहुत कुछ छिपाया जा रहा है। देश को मजबूत बनाने वाली प्रजातांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करने की कोशिश की जा रही है। सरकार से सवाल जबाव करने वाले पत्रकारो, सामाजिक कार्यकर्ताओं, आरटीआई एक्टिविस्टों को जेलों में डाला जा रहा है। जातियों और समुदायों के बीच नफरत के बीज बोए जा रहे है। देश को गृह युद्ध की स्थिति में पहुंचाने की कोशिश की जा रही। ऐसी स्थिति में किसी भी दुश्मन देश से युद्ध कैसे जीता जा सकता है। देश की लीडरशिप अमेरिका के इशारे पर चलती दिख रही है। इसलिए समय रहते देश को बचाने, मजबूत करने के लिए देश के अन्दर नफ़रत की राजनीति को कम करना होगा और जातियों, समाजों एवं धर्मों के लोगो के बीच आपसी मुहब्बत बढ़ानी होगी। जब ही देश विकास के रास्ते पर आगे बढ़ सकता है।

# देश में जाति जनगणना से क्या फायदा हो सकता है!

सरकार ने आगामी जनगणना में जातिगत गणना को शामिल करने का निर्णय लिया है। जातीय जनगणना को लेकर लंबे वक्त से विपक्षी दल मांग कर रहे थे। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इसकी घोषणा करते हुए कहा कि यह कदम सामाजिक और आर्थिक समानता को बढ़ावा देगा, साथ ही नीति निर्माण में पारदर्शिता सुनिश्चित करेगा।

**क्या है जातिगत जनगणना?**

जातिगत जनगणना एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसमें देश की आबादी को उनकी जाति के आधार पर बांटा जाता है। भारत में हर दस साल में होने वाली जनगणना में आमतौर पर आयु, लिंग, शिक्षा, रोजगार और अन्य सामाजिक-आर्थिक मापदंडों पर डेटा इकट्ठा किया जाता है। हालांकि, 1951 के बाद से जातिगत डेटा को इकट्ठा करना बंद कर दिया गया था, ताकि सामाजिक एकता को बढ़ावा मिले और जातिगत विभाजन को कम किया जा सके। फिलहाल केवल अनुसूचित जाति (SC) और अनुसूचित जनजाति (ST) की जनसंख्या का डेटा इकट्ठा किया जाता है, लेकिन अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) और सामान्य वर्ग की जातियों का कोई आधिकारिक आंकड़ा उपलब्ध नहीं है। केंद्रीय कैबिनेट का हालिया फैसला 2025 में होने वाली जनगणना में सभी जातियों के डेटा जुटाने की दिशा में एक बड़ा बदलाव है। यह फैसला सामाजिक-आर्थिक नीतियों को और प्रभावी बनाने के लिए लिया गया है, विशेष रूप से उन समुदायों के लिए जो इससे वंचित रहे हैं।

**जातिगत जनगणना का इतिहास**

भारत में पहली बार व्यवस्थित जनगणना ब्रिटिश काल में 1871-72 में हुई थी। इसमें जाति, धर्म और अन्य सामाजिक पहलुओं को दर्ज किया गया। ब्रिटिश सरकार ने इसे टैक्स वसूली, प्रशासन और सामाजिक समझ के लिए ज़रूरी माना। आज़ादी के बाद 1931 की जनगणना आखिरी बार थी जब सभी जातियों के आंकड़े दर्ज किए गए थे। इसके बाद से केवल SC (अनुसूचित जाति) और ST (अनुसूचित जनजाति) का ही डेटा लिया जाता रहा। 2011 में एक कोशिश ज़रूर हुई थी जिसे सामाजिक-आर्थिक और जाति जनगणना (SECC) कहा गया, मगर डेटा में गड़बड़ियों के कारण उसे पूरी तरह सार्वजनिक नहीं किया गया। हाल ही में बिहार सरकार ने 2022-23 में खुद एक जातिगत सर्वेक्षण कराया, जिससे यह बहस फिर ताज़ा हो गई है। विपक्षी दल, जैसे कांग्रेस, आरजेडी और सपा लंबे समय से इसकी मांग कर रहे थे। बीजेपी का सहयोगी दल जेडीयू भी जातीय जनगणना के पक्ष में था। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इसे सामाजिक न्याय का आधार बताते हुए 2024 के लोकसभा



चुनाव में इसे प्रमुख मुद्दा बनाया था। क्षेत्रीय दलों का मानना है कि जातिगत आंकड़े नीति निर्माण में मदद करेंगे, जबकि केंद्र सरकार ने पहले इसे प्रशासनिक रूप से जटिल और सामाजिक एकता के लिए खतरा माना था।

**जातिगत जनगणना के क्या हो सकते हैं फायदे?**

जातिगत जनगणना के समर्थकों का मानना है कि यह सामाजिक न्याय और समावेशी विकास की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम हो सकता है। उनका कहना है कि जातिगत आंकड़े सरकार को विभिन्न समुदायों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति को बेहतर ढंग से समझने में मदद करेंगे। उदाहरण के लिए, यह पता लगाया जा सकता है कि कौन सी जातियां शिक्षा, रोजगार, और स्वास्थ्य सेवाओं में सबसे ज्यादा वंचित हैं। इससे कल्याणकारी योजनाओं को और प्रभावी बनाया जा सकता है। इसके अलावा ओबीसी और अन्य वंचित समुदायों की सटीक जनसंख्या के अभाव में, आरक्षण नीतियों को लागू करना और संसाधनों का उचित वितरण करना मुश्किल रहा है। मंडल आयोग (1980) ने ओबीसी की आबादी को 52% माना था, लेकिन यह अनुमान पुराने डेटा पर आधारित था। नए आंकड़े आरक्षण की सीमा और वितरण को और पारदर्शी बना सकते हैं।

**जातिगत जनगणना क्यों है ज़रूरी?**

**सटीक डेटा की ज़रूरत**

सरकार जब तक किसी जाति या समुदाय की सही जनसंख्या और उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति नहीं जानती, तब तक वह उनके लिए प्रभावी योजनाएं नहीं बना सकती। जातिगत जनगणना से यह साफ़ होगा कि कौन-कौन सी जातियां कितनी संख्या में हैं और किन्हें विशेष ध्यान की ज़रूरत है।

**नीति निर्माण में सहूलियत**

जैसे- OBC आरक्षण, शिक्षा योजनाएं या रोज़गार संबंधित स्कीमें तभी सफल हो सकती हैं जब उनका लक्ष्य सही समुदाय हों। बिना डेटा के सब अनुमान पर आधारित होता है।

**संसाधनों का न्यायपूर्ण बंटवारा**

बजट, छात्रवृत्ति, राशन या अन्य सरकारी सुविधाएं किसे कितनी मिलनी चाहिए, यह जातिगत आर्थिक स्थिति को समझे बिना नहीं हो सकता। जनगणना से यह असमानता कम करने में मदद मिल सकती है।

**सामाजिक सुधार और समानता की दिशा में कदम**

कुछ जातियों को सदियों से भेदभाव का सामना करना पड़ा है। उनके विकास की गति बहुत धीमी रही है। जनगणना से इनकी पहचान कर, इनके लिए विशेष योजनाएं बनाई जा सकती हैं।

**आरक्षण नीति की समीक्षा**

अभी OBC के लिए 27% आरक्षण तय है, लेकिन 1931 के अनुमान पर आधारित। अगर उनकी जनसंख्या इससे ज़्यादा है तो नीति में बदलाव की ज़रूरत होगी। जातिगत जनगणना से "क्रीमी लेयर" की पहचान भी आसान होगी।

जातिगत जनगणना के विरोधी मानते हैं कि इससे समाज में जातीय तनाव बढ़ सकता है। साथ ही राजनीतिक दल इस डेटा का दुरुपयोग भी कर सकते हैं। डेटा की गोपनीयता और पारदर्शिता भी एक बड़ा मुद्दा है। जातिगत जनगणना कोई नई बात नहीं है, बल्कि यह भारतीय समाज को सही रूप में समझने का एक जरूरी माध्यम है। अगर इसे ईमानदारी और पारदर्शिता से किया जाए तो यह देश के सबसे पिछड़े वर्गों के लिए एक बदलाव की शुरुआत साबित हो सकता है।अब यह केंद्र सरकार पर है कि वह कब और कैसे इसे लागू करती है, ताकि 'सबका साथ, सबका विकास' सिर्फ नारा न रह जाए, एक हकीकत बन सके।

# हज़रत इब्राहीम (अलै.) की आज़माइश और ईद-उल-अज़हा का त्योहार

ईद-उल-अज़हा, जिसे 'क़ुरबानी की ईद' या बकराईद भी कहा जाता है, मुसलमानों का तीन दिन का त्योहार है जो हज़रत इब्राहीम (अलैहिस्सलाम) की अल्लाह के तरफ वफ़ादारी और रज़ा की याद में मनाया जाता है। यह त्योहार दुनियाभर के मुस्लिम परिवारों को एकजुट करता है। जिसमें दावत, तोहफ़ों का लेन-देन और इबादत शामिल होती है और मुसलमानों को क़ुरबानी के अहमियत को समझने का मौका देता है। ईद-उल-अज़हा हज के खत्म होने की भी निशानी है, जो इस्लाम के पाँच स्तंभों में से एक है। यह हर उस मुसलमान पर फ़र्ज़ है जो जो जिस्मानी और माली एतबार से क़ाबिल हो और ज़िन्दगी में कम से कम एक बार हज कर सके। ईद-उल-अज़हा इस्लाम में दूसरा सबसे जरूरी अहम त्योहार है, जिसे हर साल अल्लाह की रहमत और बरकत हासिल करने के लिए मनाया जाता है।

**हज़रत इब्राहीम की क़ुरबानी की कहानी**

मुसलमानों का मानना है कि यह जब हज़रत इब्राहीम (अलैहिस्सलाम) और उनकी पत्नी हाजरा को बहुत सालों की दुआओं के बाद बेटे इस्माईल (अलैहिस्सलाम) अता हुआ। अल्लाह ने हज़रत इब्राहीम की आज़माइश लेने के लिए उन्हें अपने प्यारे बेटे की क़ुरबानी देने को कहा वो बेटा जिसके लिए उन्होंने बरसों तक इंतज़ार किया था। हज़रत इब्राहीम ने अल्लाह की रज़ा में इतना यक़ीन और ईमान रखा कि उन्होंने इस आज़माइश में ज़रा भी हिचकिचाहट नहीं दिखाई और अपने बेटे को क़ुरबान करने के लिए तैयार हो गए। उनके इस इखलास को देखकर अल्लाह ने उन्हें इनाम दिया और बेटे की जगह एक मेंढे की क़ुरबानी क़बूल कर ली।इस मोजज़ाना वाक़ये के ज़रिए मुसलमानों को सिखाया जाता है कि अल्लाह पर मुकम्मल भरोसा रखें और हर इम्तिहान में सब्र करें। इसी वजह से मुसलमान हर साल इस दिन को "ईद-उल-अज़हा" के रूप में मनाते हैं, ताकि इस्लामी तारीख के इस पाक लम्हे को याद रखा जाए।

**क़ुरबानी और रहमदिली का पैग़ाम**

इस पाक दिन, हज़रत इब्राहीम की अल्लाह के लिए वफ़ादारी का एहतराम करने के लिए मुसलमान जानवर की क़ुरबानी करते हैं और उसका गोश्त परिवार, दोस्तों और ज़रूरतमंदों में तकसीम करते हैं। आमतौर पर बकरी, भेड़, भैंस की क़ुरबानी की जाती है।



हाल के सालों में पश्चिमी दुनिया में इस्लामी तरीक़े से जानवरों की क़ुरबानी को लेकर कुछ विवाद भी हुए हैं। हलाल क़ुरबानी को कुछ लोग अमानवीय बताते हैं। लेकिन इस्लामी हुक्म यह है कि जानवर को तकलीफ़ न दी जाए और उसे जल्दी से जल्दी और रहमदिली से ज़बह किया जाए। क़ुरबानी के वक़्त जानवर को क़िब्ले (मक्का) की ओर मोड़ा जाता है और एक तेज़ धार वाले चाकू से एक ही वार में उसका गला काटा जाता है – उस समय "बिस्मिल्लाह" (अल्लाह के नाम पर) कहा जाता है। यह इस बात का एहसास दिलाता है कि जिस जानवर की जान ली जा रही है, वह भी अल्लाह की मख़लूक़ है और उसका आदर ज़रूरी है। जानवर को दर्द बहुत थोड़ी देर के लिए होता है क्योंकि वह चंद सेकंडों में बेहोश हो जाता है। इस दिन का एक अहम हिस्सा यह भी है कि गरीबों और ज़रूरतमंदों को याद रखा जाए और उन्हें खैरात दी जाए। इससे आपसी भाईचारे को बढ़ावा मिलता है और मुसलमानों को शुक्रगुज़ारी और अल्लाह की नेमतों की क़द्र करना सिखाया जाता है।

**ईद की नमाज़ और भाईचारा**

मुसलमान ईद-उल-अज़हा की शुरुआत एक ख़ास नमाज़ से करते हैं जिसे "सलात-उल-ईद" कहते हैं। यह आमतौर पर एक बड़े जमात में अदा की जाती है। इसके बाद इमाम ख़ुत्बा देता है। यह नमाज़ फ़र्ज़ तो नहीं लेकिन इससे बहुत सवाब मिलता है और इससे मुस्लिम उम्मत में एकता और भाईचारा मज़बूत होता है। नमाज़ के बाद मुसलमान एक-दूसरे को "ईद मुबारक" कहकर मुबारकबाद देते हैं। बाक़ी का दिन दोस्तों और रिश्तेदारों के साथ बिताया जाता है, साथ खाना खाना, मिठाइयाँ और तोहफ़े बाँटना यह सब ईद की रौनक़ का हिस्सा होता है।

**सबक और रहमतों की बारिश**

क़ुरबानी का गोश्त, हज की रिवायतों की तकमील, ईद की नमाज़ और भाईचारे का जश्न, ये सब मिलकर ईद-उल-अज़हा को इस्लाम का एक बेहद अहम त्योहार बनाते हैं। यह दिन ना सिर्फ़ मुसलमानों में अच्छाई और रहमत को बढ़ावा देता है, बल्कि क़ुरबानी और शुक्रगुज़ारी जैसे अहम सबक भी सिखाता है। यह पाक दिन मुसलमानों को अल्लाह से ढेरों रहमतें कमाने का एक शानदार मौक़ा देता है और यह बताता है कि ईमान और वफ़ादारी कैसी होनी चाहिए, जैसी हज़रत इब्राहीम (अलैहिस्सलाम) की थी। ज़रूरतमंदों को क़ुरबानी का गोश्त बाँटना और खैरात देना मुसलमानों में मोहब्बत और भाईचारे को बढ़ाता है और उन्हें अल्लाह की दी हुई नेमतों का शुक्र अदा करना सिखाता है।

*4 जून यौमे वफात पर विशेष....*

# प्रख्यात स्वतंत्रता सेनानी रहमतुल्लाह मोहम्मद सयानी



रहमतुल्ला मोहम्मद सयानी का जन्म 5 अप्रैल 1848 को मुंबई में हुआ था। सन 1885 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस अधिवेशन में शामिल होने वाले 72 सदस्यों में से 2 प्रख्यात मुस्लिम नेताओं में से एक थे। वह भारत के पहले अंग्रेजी शिक्षा प्राप्त मुस्लिम थे। उन्होंने 1868 में पोस्ट ग्रेजुएट की उपाधि हासिल की थी बाद में उन्होंने कानून की पढ़ाई भी की इस दौरान उन्होंने आवाम से जुड़े अनेक मामलों में केस लड़ा उनके द्वारा मुस्लिम समुदाय को कांग्रेस से जोड़ने के प्रयास सफल हुए इंडियन नेशनल कांग्रेस के आंदोलन को मजबूत करने से देश की आजादी आंदोलन को ताकत मिलेगी इस बात की उन्होंने पुरजोर वकालत भी की। रहमतुल्लाह सयानी स्वतंत्रता सेनानियों के खिलाफ ब्रिटिश हुकूमत द्वारा दायर मुकदमों की भी पैरवी करके बड़ी तादाद में उन्हें कानूनी अधिकार दिलाया। वे मुंबई म्युनिसिपल कॉरपोरेशन के मेयर भी रहे, वह बॉम्बे लेजिसलेटिव काउंसिल और इम्पेलरियल लॉजिस्टिक काउंसलिंग के मेम्बर भी रहे। रहमतुल्लाह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष बने और कोलकाता में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 12 वें वार्षिक अधिवेशन की अध्यक्षता की। इस अधिवेशन में सयानी द्वारा दिया गया भाषण कांग्रेस अधिवेशनों के इतिहास में सर्वोत्तम भाषण में शुमार होता है, इस भाषण को समकालीन जनरलो ने प्रमुखता से छापा गया था। वह हिंदू मुस्लिम एकता के अलंबरदार माने जाते थे और दोनों समुदायों के बीच आपसी भाईचारे के लिए काफी काम किया भारत की स्वतंत्रता आंदोलन में मुसलमानों के शामिल होने के लिए उन्होंने बड़े पैमाने पर प्रेरित किया। रहमतुल्ला सयानी ने अंग्रेजों के अत्याचार के खिलाफ लोगों को जागरूक करने में बड़ी भूमिका निभाई। टैक्सेशन सिस्टम का व्यापक अध्ययन किया और इस आधार पर भारत के किसानों को मध्यम वर्ग के लोगों की कानूनी लड़ाई लड़ी इस प्रकार उन्होंने भारतीय लोगों के हुकूक उनके अधिकारों की रक्षा की लंबी लड़ाई भी लड़ी। रहमतुल्ला सयानी का देहांत 4 जून 1902 को हुआ उनके महत्वपूर्ण योगदान में उन्हें इतिहास के पन्नों में जगह मिली हो हमेशा बात करते रहेंगे।

*9 जून यौमे वफात पर विशेष....*

# नेताजी सुभाष चंद्र बोस के सबसे ज्यादा वफादारों में से एक कर्नल महबूब अहमद

आजाद हिंद फौज के नायक और अंग्रेजी साम्राज्य से टक्कर लेने वाले एक महान योद्धा कर्नल महबूब अहमद का जन्म 19 मार्च 1920 को पटना के एक छोटे से गांव में हुआ। उनके पिता डॉक्टर थे इसलिए महबूब की पढ़ाई लिखाई भी अच्छे माहौल में हुई शुरुआती पढ़ाई देहरादून में हुई उसके बाद महबूब अहमद इंडियन मिलिट्री एकेडमी I. M. A. देहरादून में पड़े अखिल भारतीय स्तर की परीक्षा उत्तीर्ण कर के ब्रिटिश सेना में सेकंड लेफ्टिनेंट के पद पर भर्ती हुए दरअसल एक मौके पर कर्नल मेहबूब अहमद ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस का देश प्रेम से जुड़ा एक भाषण सुना,जिससे वह अंग्रेज़ी हुकूमत की नौकरी छोड़कर आजाद हिंद फौज में शामिल होने का जज्बा दिया। दिलचस्प बात यह है कि म्यांमार की सीमा पर कर्नल मेहबूब अमहद की पहली मुठभेड़ ब्रिटिश सेना से ही हो गई। जिसमें उन्होंने अंग्रेजी सेना के छक्के छुड़ाकर आजाद हिंद फौज को ऐतिहासिक जीत दिलाई। 1944 में इंफाल के करीब एक लंबी लड़ाई के बाद आज़ाद हिंद फौज के योद्धा कर्नल शौकत मलिक, लाल सिंह, रामप्रसाद मोहम्मद खान, मेजर आबिद हसन के साथ मिलकर उन्होंने इंफाल में आजाद हिंद फौज का परचम लहरा दिया। आजाद हिंद फौज में सभी धर्मों के लोग थे। आज देश में जो लोग सांप्रदायिक माहौल पैदा करने की कोशिश करते हैं



उन्हें इन जांबाज़ों की जीवनी पढ़ने की जरूरत है। कर्नल महबूब अहमद अपनी किताब 'मौत की मस्ती और जीने का शौक' में अपने साथियों को याद करते हुए लिखते है कि तमाम चेहरे जो हर पल मेरे साथ आसपास साए की तरह है वह सब हमारे सथी दोस्त हैं। जिनमें कर्नल हबीब, कैप्टन रामसिंह, शौकत मलिक से लेकर हम सब चहते अजीज नेताजी सुभाष चंद्र बोस है। नेताजी जिनकी कल्पना भर से हमारी भुजाएं फड़कने लगती है और काफी देर तक कानों में जय हिंद का शंखनाद गूंजता रहता है उनकी यह किताब 1993 में उर्दू जबान में बिहार की ऐतिहासिक लाइब्रेरी से प्रकाशित कराई थी। कर्नल मेहबूब अहमद ने आखरी सांस 9 जून 1992 में ली जिनके कानों में आखरी सांस तक गूंजता रहा 'जय हिंद'

# नौनिहालों को इतिहास की जगह मिथक पढ़ाना भयावह

*– देश का वास्तविक इतिहास मिटाने की साज़िश*

किसी भी देश का इतिहास उसके भूतकाल का लेखा-जोखा और धरोहर होता है। यह किसी के लिए अच्छा तो किसी के लिए कष्टदायक हो सकता है। इतिहास में अच्छी और बुरी, दोनों ही प्रकार की घटनाएँ होती हैं। अच्छी घटनाएँ प्रेरणा देती हैं तो बुरी घटनाएँ सबक। लेकिन इतिहास से किसी भी तरह का सबक लेने के बजाय उसे तोड़-मरोड़ कर पेश करना, अतिशयोक्तिपूर्ण बनाना, काल्पनिक घटनाओं और मिथकों का समावेश करना, इसे समाप्त करने जैसा दुष्कृत्य है। इससे इतिहास की प्रमाणिकता पर ही प्रश्नचिन्ह लग जाता है और विद्वान उसे प्रक्षिप्त समझकर शंकापूर्ण दृष्टि से देखने लग जाते हैं। कुछ लोग दशकों से देश के इतिहास को मनमाना रूप देने में लगे हुए हैं, ताकि इस देश के हिन्दओं के उजले पक्ष को अधिकाधिक दिखाया जा सके और स्याह पक्ष को छिपाया जा सके। साथ ही विदेशी आक्रमणकारियों (तुर्क, मुस्लिम, मुगल, अंग्रेज़ आदि) के छोटे से छोटे अत्याचार और अनाचार का तिल का ताड़ बनाना, लेकिन उनके किए गए बड़े-बड़े महान कार्यों को भी राई के बराबर बनाना, इनका ही कार्य है। भारत में धर्म से जुड़े हज़ारों मिथक हैं, जिन्हें न विज्ञान की मान्यता है और न ही इतिहास की। उदाहरण के लिए – हनुमान जी का उड़ना, उनके द्वारा सूर्य को निगलना, शाम के समय उड़ना और रात भर में लंका से हिमालय आना और संजीवनी बूटी का पहाड़ लेकर वापस लंका जाना, रामसेतु का निर्माण, पुष्पक विमान, शेषनाग के सिर पर पृथ्वी का होना, युद्ध में राक्षसों के मायावी कारनामे, महाभारत में विचित्र तरीकों से कौरवों, पांडवों, द्रोणाचार्य, कृपाचार्य आदि का जन्म, समुद्र मंथन, राहु-केतु द्वारा सूर्य-चंद्रमा को निगलना आदि। ज्यों-ज्यों तथाकथित धार्मिक पुस्तकें पढ़ते जाते हैं, सच्चाई कम, मिथक अधिक मिलते हैं। सर्वाधिक असंभव बातें तो पुराणों में हैं, जिनके बारे में स्वामी दयानंद सरस्वती ने भी कहा है। यह बड़े ही दुख और निराशा की बात है कि दस साल तक पूर्ण बहुमत से और वर्तमान में सहयोग से बहुमत पाकर राज करने वाली भाजपा सरकार को इतिहास से नहीं, बल्कि मिथकों से अधिक सरोकार है। देश की भावी पीढ़ियाँ इनका बनाया नवसृजित "इतिहास" पढ़कर क्या करेंगी, किसी को इससे कोई मतलब नहीं है।

सरकार कक्षा सात की पुस्तकों से मुग़ल काल और दिल्ली सल्तनत काल को हटा चुकी है। इनके स्थान पर भारतीय राजवंशों की जानकारी, पवित्र धार्मिक स्थलों, महाकुंभ, भारत और अन्य देशों में अन्य धर्मों के तीर्थ स्थलों की जानकारी, 12 ज्योतिर्लिंग, चार धाम यात्रा, शक्तिपीठों, नदियों के संगम, वन और सरकारी योजनाओं की जानकारी पढ़ाई जाएगी। भारतीय राजवंशों की जानकारी देने में कोई बुराई नहीं है, लेकिन वे कब-कब किससे जीते और कब-कब किससे हारे, इसके स्थान पर क्या बताया जाएगा? क्या एक हाथ से ही ताली बजाई जाएगी? इसके अलावा सरकार द्वारा जनता को धर्म की जानकारी देना क्या वास्तविक मुद्दों से उसका ध्यान भटका कर धर्मजाल में उलझाना नहीं है? बाकी आगे जो कुछ है, वह इतिहास का हिस्सा न होकर शासन-प्रशासन का हिस्सा है, जिसे उचित स्थान पर दिया जाना चाहिए, न कि इतिहास के तौर पर। लगता है सरकार और सरकारी इतिहासकारों ने इतिहास को पेंसिल की लाइन समझ रखा है जिसे चाहे जब मिटा दें और चाहे जब, जैसी बनाना हो, बना दें! लेकिन पुस्तकों से इतिहास मिटा देने से इतिहास समाप्त नहीं हो जाता। इतिहास के जो जीवंत अवशेष हैं – इमारतें हैं, प्राचीन पुस्तकें हैं, म्यूज़ियम हैं, बर्तन-भांडे, औज़ार, हथियार, वस्त्र आदि हंग – उनका क्या करेंगे? क्या तुगलकाबाद, दिल्ली, आगरा और अन्य सैकड़ों स्थानों पर मुस्लिमों द्वारा बनवाए गए किलों, इमारतों और महलों पर भी सरकार बुलडोज़र चलाएगी?आज से बीस साल बाद यदि कोई व्यक्ति किसी विद्यार्थी से पूछे कि कुतुब मीनार, लाल क़िला, जामा मस्जिद, चारमीनार और विश्व-विरासत ताजमहल किस-किसने और कब बनवाए थे, तो विद्यार्थी के पास कोई जवाब नहीं होगा, क्योंकि उसने ये सब पढ़े ही नहीं होंगे। अतः देश के इतिहास में जो कुछ रह गया है या कम है, उसे शामिल करना तो उचित है, लेकिन द्वेषवश किसी कालखंड को पूरा का पूरा ही हटा देना, इतिहास को नष्ट करने जैसा है।

**– डॉ. श्याम सुन्दर बैरवा, भीलवाड़ा**

# मदरसा अंजुमन इस्लामिया कमेटी ने नए सदस्यों को किया मनोनीत

## -अंजुमन सदर के नेतृत्व में मनोनीत सदस्यों का किया स्वागत

बारां, (रॉयल पत्रिका)। मोहम्मद अशफाक भाईजान मेमोरियल मदरसा अंजुमन इस्लामिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल में अंजुमन सदर माजिद सलीम ने अंजुमन की फलाह ओर बेहतर मैनेजमेंट के लिए दस नए सदस्यों को नॉमिनेट किया है। नायब सदर जाकिर मंसूरी ने बताया कि नए सदस्यों में अब्दुल रहीम पठान, एडवोकेट फिरोज खान, शाहिद कुंडी, मुबारिक हुसैन, हाजी मुन्ना मंसूरी, पार्षद अनवर अली, सलाम मंसूरी, शाहिद इकबाल भाटी, अशफाक सफदर और शब्बीर हुसैन को नियुक्त किया है। अंजुमन सदर माजिद सलीम और कमेटी के पदाधिकारियों ने सभी मनोनीत सदस्यों का माला पहनाकर मुंह मीठा करवाकर स्वागत किया। सदर माजिद सलीम ने बताया कि अंजुमन चुनाव के समय अपनी अपनी बिरादरी से अंजुमन में मेंबर आने के लिए लोग खूब भाग



दौड़ करते हैं कई बिरादरियों में तो लड़ाई झगड़े तक की नौबत आ जाती है लेकिन अंजुमन चुनाव खत्म होने सदर निर्वाचित होने के बाद कई मेंबर मीटिंग में आना तक पसंद नहीं करते जिससे कि अंजुमन मदरसे के संचालन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसी लिए नॉमिनेट सदस्यों को लिया गया है ताकि मीटिंग में सदस्य उपस्थित रहे और हमारे बुजुर्गो द्वारा लगाए गए इस पौधे जो आज पेड़ का रूप ले चुका है उसकी बेहतरीन खिदमत हम सब मिलकर अंजाम दे सके। इस्तकबालिया प्रोग्राम में अंजुमन सदर माजिद सलीम, नायब सदर जाकिर मंसूरी, सेकेट्री मोहम्मद आसिफ भाईजान, खजांची अशफाक मयूर, तालीम कन्वीनर, मोहम्मद दिलावर, मोहम्मद इसराज भाटी, प्रोग्राम कन्वीनर इकबाल नेता सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

# दसवीं बोर्ड परीक्षा में नोबल्स स्कूल एंड क्लासेस का बेहतरीन परिणाम

## -छात्रा अदीबा अख्तर ने 10 th बोर्ड में हासिल किए 94.67 प्रतिशत अंक

बारां, (रॉयल पत्रिका)। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान द्वारा 28 मई बुधवार को 10 वीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। बारां शहर के नोबल्स स्कूल एंड क्लासेस का परिणाम पिछले सालों की अपेक्षा बेहतरीन रहा। स्कूल के डायरेक्टर अब्दुल मतीन ने बताया की सभी छात्रों पर अध्यापकों द्वारा विशेष मेहनत के जरिए ये परिणाम हासिल हुआ है। शैक्षणिक माहौल बच्चों की मंशानुरूप होने और कठिन परिश्रम की बदौलत ज्यादातर छात्र-छात्राओं का परिणाम बेहतर रहा। नोबल्स स्कूल एंड क्लासेस की छात्रा अदीबा अख्तर ने 94.67 प्रतिशत अंक हासिल करके स्कूल और परिवार सहित पूरे समाज का नाम रोशन किया है। वहीं छात्रा शिरीन अंसारी के 91.33 प्रतिशत, हाफिज फैजल अबरार 89 प्रतिशत, जरीन अली 88.83 प्रतिशत, असमा अंसारी 85.67 प्रतिशत, हाफिज अल्तमश रजा 81.33 प्रतिशत




अंक हासिल करे जो कि संस्थान के लिए गर्व की बात हे। नोबल्स स्कूल एंड क्लासेस के प्रधानाध्यापक इस्लामुद्दीन अंसारी ने बताया कि हमारे और पूरे मुस्लिम समाज के लिए खुशी की बात है कि हाफिज बनने के बाद बच्चे पढ़ाई भी कर रहे है और बहुत अच्छे नंबर से पास होकर दूसरे स्टूडेंट्स के लिए एक मिसाल कायम कर रहे है। परिणाम जारी होने के पश्चात स्कूल परिसर में स्कूल के टॉपर छात्र -छात्राओं का माला पहनाकर मुंह मीठा करवाकर स्वागत किया। इस दौरान मौलाना सलमान, सद्दाम हुसैन अंसारी, शाहिद हुसैन, कामिल खान, रशीद अहमद, फरहान अहमद, वसीम अकरम मंसूरी, वाजिद सर, रुखसार , असीमा ओर दिलनाज बाजी सहित स्कूल के अन्य टीचर व स्टॉफ उपस्थित रहा।

# कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा एवं नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जुली का स्वागत सत्कार किया



कोटा, (रॉयल पत्रिका)। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा एवं नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जुली का कोटा प्रवास के दौरान समाज सेवी विद्याशंकर गौतम द्वारा स्वागत-सत्कार किया गया।

गौतम के साथ कोटा दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष जोगेन्द्र बीरवाल जोन्टी, जयेश श्रृंगी, मण्डल अध्यक्ष संजय जैन, नरेंद्र हाडा, करन सिंह नरूका, प्रेम पालीवाल, चेतन पारेता, मयंक शर्मा, सिद्दिक अंसारी, शहजाद खान, मनीष भारद्वाज, धर्मवीर मेघवाल, प्रवीण नन्दवाना, पार्षद अनुराग गौतम, कपिल शर्मा, प्रफुल पाठक, मोहन नंदवाना, महिला काँग्रेस जिलाध्यक्ष शालिनी गौतम, सेवादल जिलाध्यक्ष प्रेम लाहौरीया, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष विशाल मेवाडा सहित जिला कांग्रेस कमेटी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के सदस्यो सहित बड़ी संख्या मे कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 3 हजार 900 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ को पुलिस ने किया आग के हवाले



सुकेत, (रॉयल पत्रिका)। रामगंज मंडी के मोड़क में 3 हजार 900 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ को आग के हवाले कर दिया गया। नष्ट किए गए मादक पदार्थ की कीमत 6 करोड़ 27 लाख 90 हजार रुपए है। जिसे शनिवार को कोटा ग्रामीण एसपी सुजीत शंकर, एडिशनल एसपी रामकल्याण मीणा, डीएसपी घनश्याम मीना, थानाधिकारी उत्तम सिंह, मंगलम सीमेन्ट फैक्ट्री के सुरक्षा प्रभारी सत्येन्द्र कुमार शर्मा और राम किशोर पाण्डे की मौजूदगी में मंगलम सीमेंट फैक्टी के बोयलर भट्टी में जलाकर नष्ट किया गया।

कोटा ग्रामीण एसपी सुजीत शंकर ने बताया कि जिले के 18 थानों की पुलिस ने अलग-अलग इलाकों में की गई कार्रवाई के दौरान तस्करों के कब्जे से 3 हजार 900 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थों को बरामद किया था। जिसमे 29 प्रकरण भी दर्ज किए गए थे। अवैध मादक पदार्थ में डोडा चूरा, गांजा और स्मैक शामिल थी। जिसे उच्च अधिकारियों के निर्देश पर नष्ट किया गया है।

# सहारा बाल विद्या निकेतन का कक्षा 10 वीं का परिणाम रहा शत प्रतिशत

बारां, (रॉयल पत्रिका)। बुधवार को जारी हुए 10 वीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम में 12 वीं कक्षा की तरह ही बेटियों ने बाजी मारी है। बारां शहर के नयापुरा स्थित सहारा बाल विद्या निकेतन, का 10 वीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम शत प्रतिशत रहा। स्कूल के डायरेक्टर आफाक सर ने बताया की छात्रा अलीशा ने 88 प्रतिशत अंक प्राप्त करके स्कूल का, अपने परिवार और स्कूल में शैक्षणिक माहौल को बेहतर बनाने वाले अध्यापकों का नाम रोशन किया अलीशा ने स्कूल टॉप किया, साथ ही अयान ने 84 प्रतिशत, मोहम्मद अयान 80 प्रतिशत, मोहम्मद जुबेर 78 प्रतिशत और साहिल 68 प्रतिशत अंक प्राप्त करके स्कूल और परिवार का मान बढ़ाया। छात्रा अलीशा ने बताया की स्कूल में




बेहतर शैक्षणिक माहौल मिलने और लगातार मेहनत करने से कामयाबी मिली है। परिणाम जारी होने के बाद स्कूल परिसर में उत्तीर्ण हुए सभी छात्र-छात्राओं का माला पहनाकर मुंह मीठा करवाकर स्वागत किया गया, इस दौरान डायरेक्टर आफाक सर, अध्यापक हाफिज इंसाफ, महावीर मीणा, जितेंद्र नागर, महेश पारस, सचिन वर्मा, इकबाल गोरी, इरशाद गोरी, मुरली सेन, जी एस नामदेव, सीता मैडम सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# ऑपरेशन शील्ड के तहत पावर प्लांट में मॉक ड्रिल

## -आपात स्थिति से निपटने की तैयारियों का परीक्षण

**शब्बीर हुसैन**

बारां,(रॉयल पत्रिका)। जिले में आपातकालीन स्थितियों से निपटने की तैयारियों को परखने के लिए शनिवार को ऑपरेशन शील्ड के तहत मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। यह अभ्यास पावर प्लांट कवाई में किया गया, जहां एयर स्ट्राइक की सूचना मिलने पर प्रशासन, पुलिस और विभिन्न राहत एवं बचाव एजेंसियों को तुरंत सतर्क किया गया।

घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन की टीम मौके पर पहुंच गए। घटना स्थल पर पुलिस, फायर ब्रिगेड, आपदा प्रबंधन दल, मेडिकल टीमें, और स्काउट एंड गाइड जैसे राहत दलों ने तुरंत मोर्चा संभालते हुए तय प्रोटोकॉल के अनुसार कार्यवाही शुरू की।

मॉक ड्रिल का मुख्य उद्देश्य आपात स्थिति में विभिन्न विभागों के बीच तालमेल, त्वरित प्रतिक्रिया, और समन्वित प्रयासों की दक्षता को परखना। मॉक ड्रिल के तहत घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद अटरु अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने तत्काल इलाज शुरू किया।

मॉक ड्रिल की निगरानी स्वयं



एडीएम दिवांशु शर्मा, एडीएम जबर सिंह एवं एएसपी राजेश चौधरी ने की। उन्होंने पहले अटरु अस्पताल में जाकर घायलों से मुलाकात की और इलाज की स्थिति का जायजा लिया। जहां उन्होंने व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और स्वास्थ्य सेवाओं की तत्परता की सराहना की।

इस अवसर पर मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों ने मॉक ड्रिल को सफल बताया और कहा कि इस प्रकार के अभ्यास न केवल आपदा प्रबंधन क्षमताओं को सुदृढ़ करते हैं, बल्कि आम जनता के बीच सुरक्षा और विश्वास की भावना को भी मजबूत करते हैं।

मॉक ड्रिल में पुलिस, फायर ब्रिगेड, आपदा प्रबंधन, मेडिकल विभाग, स्काउट एंड गाइड, व अन्य सहयोगी संस्थाओं की भूमिका सराहनीय रही। सभी एजेंसियों ने मिलकर यह दिखाया कि जिले में किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए सुनियोजित और सशक्त प्रणाली तैयार है। इस मौके पर एसडीएम अभिमन्यु सिंह कुंतल, सिविल डिफेन्स से मोनू पंकज सहित अन्य संबंधित अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

# नगर पालिका अध्यक्ष ने रोड़ पर बाधक बन रहे बिजली के खंभे को हटवाया



सुकेत/रामगंजमंडी, (रॉयल पत्रिका)। नगर पालिका अध्यक्ष अखिलेश मेड़तवाल ने वार्ड नंबर 8 और 9 के रोड़ पर कई सालों से रोड़ के बीच में लग रहे हैं। बिजली के पोल को बिजली विभाग के अधिकारियों की मदद से हटाया। इस पोल के रोड़ पर होने से आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती थी और यह पोल कई सालों से बीच रोड़ पर लगा हुआ है।

कई बार रोड़ बन गया वार्ड वासियों के कहने के बाद भी यह पोल नहीं हटा। जब पहली बार नगर पालिका अध्यक्ष इस वार्ड में समस्याएं सुनने गए तो वार्ड वासियों ने समस्या बताई इस पर मेड़तवाल ने ने तुरंत बिजली विभाग से बात करके पोल को हटवाया। इस पोल के हटने से रोसली रोड वार्ड नंबर 7 सहित आगे जाने वाले लोगों को दुर्घटना से मुक्ति मिलेगी। इस अवसर पर पार्षद सुरेंद्र सिंह शक्तावत, दिनेश रेडीवाल, अशोक पंजाबी, चंद्रप्रकाश शर्मा, राजू सुमन, हरीश शर्मा, कमलेश सोनगरा, मुकेश श्रृंगी, मुदित श्रृंगी सहित कई वार्ड वासी मौजूद रहे।

# मदरसा अंजुमन इस्लामिया के बच्चों ने बढ़ाया मदरसे का मान

## -मोहम्मद रागिब 89.17 रहे स्कूल टॉपर

बारां, (रॉयल पत्रिका)। अंजुमन के प्रवक्ता शाहिद इकबाल भाटी ने बताया कि राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर द्वारा बुधवार को कक्षा दसवीं का रिजल्ट घोषित किया गया, जिसमें मदरसा अंजुमन इस्लामिया का रिजल्ट बेहतर रहा। प्रिंसिपल सादिक हुसैन, वाइस प्रिंसिपल मोहम्मद आबिद देशवाली ने बताया कि कक्षा 10 वीं का परिणाम 85 प्रतिशत से ज्यादा रहा। स्कूल के टॉपर बच्चों का अंजुमन सदर माजिद सलीम व नायब सदर जाकिर मंसूरी के नेतृत्व में माला पहनाकर मुंह मीठा करवाकर इस्तकबाल किया गया। पहले स्थान पर मोहम्मद रागिब 89.17, दूसरे पर सोफिया 86.50 और तीसरे पर आफरीन अंसारी 85.50 रही। बच्चों के इस्तकबाल के दौरान तालीम कन्वीनर मोहम्मद दिलावर, खजांची अशफाक मयूर,




प्रोग्राम कन्वीनर इकबाल नेता, पूर्व सदर अब्दुल शकूर चिश्ती, जिला कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष शाहिद कुंडी, प्रोफेसर शमशाद अली, डॉक्टर नासिर हुसैन, समाजसेवी शेख बहादुर, इशरत खान, अनवर हाशमी, इरफान मंसूरी, औसाफ इमरान, तोसिफ खान, मोहम्मद हुसैन, सिराज अहमद आदि भी उपस्थित रहे।

# यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोईजउद्दीन गुड्डु ने डोटासरा व नेता प्रतिपक्ष जूली को भेंट की डॉ. अम्बेडकर की तस्वीर

कोटा, (रॉयल पत्रिका)। कोटा में कांग्रेस द्वारा आयोजित संविधान बचाओ रैली में हजारों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। शहर के एक निजी गार्डन में आयोजित संविधान बचाओ रैली में मंच पर यूथ कांग्रेस के ज़िला अध्यक्ष मोईज़उद्दीन गुड्डु द्वारा संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की तस्वीर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गोविन्द




सिंह डोटासरा प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी व नेता प्रतिपक्ष राजस्थान विधानसभा टीकाराम जुली को भेंट कर अभिन्दन किया।

# पेंशनर्स मंच के जिला अध्यक्ष सईद अहमद की कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

## -पेंशनर्स की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया

**फिरोज खान वारसी**

झालावाड़, (रॉयल पत्रिका)। जिले के झालरापाटन कस्बे में मंगलवार को राजस्थान पेंशनर्स मंच जिला शाखा झालावाड़ की जिला कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह अग्रसेन वाटिका में संपन्न हुआ। राजस्थान पेंशनर्स मंच के जिला अध्यक्ष सईद अहमद ने बताया कि मंगलवार को राजस्थान पेंशनर्स मंच जिला शाखा झालावाड़ की कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण अग्रसेन वाटिका झालरापाटन में एक समारोह आयोजित कर सम्पन्न किया गया । जिसमें मुख्य अतिथि डॉ. अब्दुल मन्नान खान कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष रहे, अध्यक्षता वरिष्ठ पेंशनर्स मोहन लाल सोनी की ओर विशेष अतिथि प्रदेश प्रतिनिधि अब्दुल वहीद ओर अतिथि प्रहलाद कुमार सेन रहे। मुख्य अतिथि डॉ. अब्दुल मन्नान खान ने बताया कि राजस्थान पेंशनर्स मंच पेंशनर्स का सबसे पूराना संगठन है जो सन 1988 से राजस्थान के पेंशनर्स के अधिकारों के लिए सक्रिय हैं। अभी हाल में ही केंद्र सरकार ने एक संशोधन बिल लोक सभा में पास किया है, जिसमें 8 वें वेतन आयोग की सिफारिशों के बाद पेंशनर्स के अधिकारों को सीमित किए जाने के संकेत सरकार ने दिए है। पेंशनर्स की अन्य समस्याओं के लिए प्रदेश स्तर पर धरना दिया गया था, प्रदेश प्रतिनिधि अब्दुल वहीद ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष कैलाश क्रांतिकारी का स्वास्थ्य खराब होने के कारण मुझे झालावाड़ भेजा है, राजस्थान पेंशनर्स मंच के सभी सदस्यों को मैं विश्वास दिलाता हूँ कि प्रदेश संगठन राजस्थान में पेंशनर्स की समस्याओं के प्रति तत्पर है। जिला शाखा के माध्यम से अपनी समस्याओं को प्रदेश तक भेजे हम उनका समाधान कराने की पूरी कोशिश करेंगे, समारोह की अध्यक्षता कर रहे मोहन लाल सोनी ने भी अपने अनुभव साझा किए ओर सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया इसके बाद राजस्थान पेंशनर्स मंच जिला शाखा झालावाड़ की कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण करवाया गया कार्यकारिणी में जिला अध्यक्ष सईद अहमद, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजमल गुप्ता, कैलाश चंद माली, उपाध्यक्ष नन्दलाल राठौर, अब्दुल अजीज मंसूरी, सचिव आरिफ़ हुसैन गौरी, सह सचिव रमेश चंद्र राठौर, कोषाध्यक्ष शम्सुद्दीन खान,





कार्यालय मंत्री विष्णु प्रसाद बाथमा, संगठन मत्री कमलेश कुमार शर्मा, मुख्य सलाहकार रविन्द्र कुमार शर्मा, सलाहकार हरिशंकर शर्मा, कार्यकारिणी सदस्य प्रकाश बाथम, विजेंद्र चौधरी, महमूद खान,सलीम शैख सदस्य राधेश्याम शर्मा, सुशील जैन, हमीद गौरी, देवी लाल ने शपथ ली कार्यक्रम में अय्यूब अली, रामचंद्र फोजी, हकीमुद्दीन, जगन्नाथ मीणा, दिलीप कुमार आदि पांच दर्जन से अधिक पेंशनर्स उपस्थित रहे, शपथ ग्रहण के बाद मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन दिया गया, संचालन आरिफ़ हुसैन गौरी ने किया।

# डॉ. किरोडीलाल मीणा की अध्यक्षता में कोटा संभाग का "युवा कृषक संवाद" कार्यक्रम आयोजित

कोटा, (रॉयल पत्रिका)। कृषि मंत्री डॉ. किरोडीलाल मीणा की अध्यक्षता में कोटा संभाग का "युवा कृषक संवाद" कार्यक्रम रविवार को राज्य कृषि प्रबंधन संस्थान (सिआम) ऑडिटोरियम में आयोजित हुआ। लगभग 5 घंटे चले इस कार्यक्रम में कृषि मंत्री ने संभाग के चारों जिलों से आए काश्तकारों के साथ सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं जानी और समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। साथ ही किसानों को कृषि विभाग द्वारा संचालित केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं नवीन तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया, ताकि किसानों की आय बढ़ाकर उन्हें समृद्ध बनाया जा सके। इस अवसर पर प्रगतिशील किसानों ने अपने अनुभव साझा किए और समस्याएं भी बताईं। अन्य किसानों ने भी विभिन्न योजनाओं के लाभ एवं




प्रक्रियागत समस्याओं से अवगत कराया। उनकी समस्याएं जानकर समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

कृषि विभाग के अधिकारियों ने योजनाओं का विस्तार से प्रेजेंटेशन दिया। जयपुर से आए विशेषज्ञों ने ए आई आधारित कृत्रिम वर्षा की तकनीक के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में राज्य स्तर पर उल्लेखनीय उपलब्धि वाले प्रगतिशील किसानों एवं विभिन्न योजनाओं के लाभार्थी किसानों को सब्सिडी के चेक प्रदान किए गए। कार्यक्रम में कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा, जिला प्रमुख मुकेश मेघवाल, ऑयल इंडिया के इंडिपेंडेंट डायरेक्टर मोतीलाल मीणा, कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. ए के व्यास, लाडपुरा पंचायत समिति प्रधान हेमंत यादव, सांगोद प्रधान जयवीर सिंह, राज्य स्तर से आए तथा कोटा, बूंदी, बारां, झालावाड़ के कृषि विभाग के अधिकारी एवं किसान उपस्थित रहे।

# नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष संजय ओरा व शहर मंडल अध्यक्ष चेतन सोलंकी का स्वागत किया गया



सुकेत, (रॉयल पत्रिका)। मोड़क गांव में नवनियुक्त मोडक मंडल अध्यक्ष संजय ओरा व कोटा शहर मंडल अध्यक्ष चेतन सोलंकी का स्वागत मोड़क गांव में विधानसभा प्रत्याशी महेंद्र राजोरिया के नेतृत्व में किया गया स्वागत। कर्ता देवेंद्र सिंह शक्तावत ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी, चतुर्भुज अहीर प्रवक्ता ब्लॉक बी कांग्रेस कमेटी, फूलचंद मेड़ा जिला महासचिव कांग्रेस कमेटी, कोटा जगदीश पोरवाल उपाध्यक्ष ब्लॉक ए कांग्रेस कमेटी, चौथमल गुर्जर सचिव ब्लॉक ए कांग्रेस कमेटी, अनिल ओरा कीर्तेश मेड़ा प्रवक्ता ब्लॉक ए कांग्रेस कमेटी, संजय भीलठाकुर, बाबूलाल भीलठाकुर, सुनील मेहरा अध्यक्ष असंगठित मजदूर संघ इंटक, पृथ्वीराज यादव महामंत्री असंगठित मजदूर संघ इंटक, रजनीश मेहरा आदि मौजूद रहे।

# रामगंज मंडी नगर पालिका में कर्मचारी के रुपए मांगने पर चेयरमैन को शिकायत

**डॉक्टर तोहिद**

सुकेत, (रॉयल पत्रिका)। रामगंज मंडी की नगरपालिका में जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के नाम पर रुपए मांगने का मामला सामने आया है। इस पर पीड़ित महिला ने कर्मचारी के खिलाफ चेयरमैन अखिलेश मेड़तवाल को शिकायत दी। इसमें सुकेत रोड क्षेत्रवासी दुर्गाबाई पत्नी राधेश्याम ने बताया कि रामगंजमंडी में उन्होंने बेटियों व पोतियों का जन्म प्रमाण पत्र बनाने के लिए आवेदन किया था। इस कार्य को करने वाले चतुर्थ



श्रेणी कर्मचारी ने उनके साथ दाई मां के शपथ पत्र बनवाकर लाने की बात कही। इसी के साथ दुर्व्यवहार करते हुए पहले 800 और बाद में 400 की मांग की गई। रुपए नहीं देने पर कार्य बिगाड़ने की बात कही। इस पर महिला ने शिकायत देते हुए कर्मचारी को सस्पेंड करने की मांग की गई है।

# खिदमत-ए-खल्क ने फिर रचा इतिहास

**मोहम्मद यासीन**

पाली, (रॉयल पत्रिका)। खिदमत-ए-खल्क द्वारा संचालित शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत पढ़ रहे बच्चों ने इस वर्ष दसवीं कक्षा के बोर्ड इम्तिहान में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने शिक्षकों, माँ-बाप और पूरे समुदाय का सिर फ़ख़्र से बुलंद कर दिया।



इसी पुरख़ुलूस कामयाबी की ख़ुशी में "जश्न-ए-कामयाबी" के नाम से एक खास तकरीम-ओ-इज़्ज़त (सम्मान समारोह) का आयोजन मुस्लिम मुसाफ़िर खाना, पाली में किया गया।

इस कार्यक्रम में बड़ी तादाद में अवाम, वालिदैन, समाज के ज़िम्मेदार अफ़राद और मेहमानों ने शिरकत की। समारोह का आग़ाज़ तिलावत-ए-क़ुरान और हम्द से हुआ, जिसके बाद बच्चों का माला और साफा पहना कर इस्तकबाल किया गया।

खिदमत-ए-खल्क चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा दसवीं कक्षा के छात्र व छात्राओं के लिए पिछले पांच साल से निशुल्क कोचिंग क्लासेज का संचालन किया जा रहा है। खिदमत-ए-खल्क के अध्यक्ष मुर्तजा हसन ने बताया कि इस साल कोचिंग का रिजल्ट सत प्रतिशत रहा है। कोचिंग की तीन छात्राओं ने राजकीय सेठ मुकनचंद बालिया सीनियर सेकेंडरी विद्यालय में बुशरा कुरैशी वल्द शौकत कुरैशी प्रथम, सादिया वल्द निसार अहमद द्वितीय व अफसीन वल्द अब्दुल रहमान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। इस मौके पर सभी छात्र छात्राओं को कामयाबी की मुबारकबाद दी गई।

# शहर में बास्केटबॉल के पहले कोच नजर मोहम्मद उर्फ चिड़िया बाबू का निधन

पाली (रॉयल पत्रिका)। बास्केटबॉल के कोच बास्केटबॉल गुरु नजर मोहम्मद उर्फ चिड़िया बाबू का बुधवार को निधन हो गया। पाली जिले के खेलप्रेमियों में शोक की लहर छा गई उन्होंने बास्केटबॉल में 4 इंटरनेशनल 150 नेशनल खिलाड़ियों को प्रशिक्षित किया था। पेशे से वे सब्जी मंडी व्यापारी थे चिड़िया बाबू ने 1967 से खेल केरियर शुरू किया वे बास्केटबॉल के बेहतरीन खिलाड़ी थे लेकिन हाइट कम होने की वजह से नेशनल खिलाड़ी नहीं बन सके सपना अधुरा रहा तो वे कोच बन गए। 50 साल से फ्री कोचिंग देते हुए 4 नेशनल व 150 इंटरनेशनल खिलाड़ी तैयार कर दिए उन्हें सम्मान से गुरुजी के नाम से भी पुकारा जाता था उनसे कोचिंग लेने वाले 70 खिलाड़ी इस खेल से सरकारी नौकरी पा चुके हैं।

ओलंपिक संघ ने नजर मोहम्मद उर्फ चिड़िया बाबू को दी श्रद्धांजलि

पाली जिला ओलंपिक संघ के सचिव राजेश पाटनेचा ने बताया कि पाली जिले के बास्केटबॉल के सीनियर खिलाड़ी पाली जिले के गुरु द्रोणाचार्य नजर मोहम्मद उर्फ चिड़िया बाबू के आकस्मिक निधन पर पाली जिला ओलंपिक संघ द्वारा आज उनके निवास स्थान पर जाकर उनकी तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष महिपाल सिंह निंबाड़ा ने कहा कि पाली के खेल जगत को अपूर्ण क्षति हुई है जिसकी भरपाई हम कर नहीं सकते। नजर मोहम्मद जी हमारे दिलों में हमेशा रहेंगे। उपाध्यक्ष मांगू सिंह दुदावत व बहादुर सिंह राठौड़ ने कहा कि चिड़िया बाबू हमेशा पाली की प्रतिभाओं को आगे लेने का प्रयास करते रहे उन्होंने हमेशा जाति धर्म से दूर रहकर प्रतिभाओं को आगे लाने का प्रयास किया। इस मौके पर जिला ओलंपिक संघ के सचिव



राजेश पाटनेचा ने कहा कि नजर मोहम्मद जी पाली के बास्केटबॉल के भीष्म पिता थे आपके नेतृत्व में तीन अंतरराष्ट्रीय 150 राष्ट्रीय स्तरीय खिलाड़ी और संख्यक राज्य स्तरीय खिलाड़ी तैयार किया। इस मौके पर जिला ओलंपिक संघ के कोषाध्यक्ष सत्यनारायण सिंह पुनाडिया, वासुदेव शर्मा, गिरधारी लाल सेन, किशन मेवाड़ा, मान सिंह धुनीयाडी, पियुष दिनकर, हेमशंकर शर्मा मौजूद रहे।

# मेमण सादीया ने 10वीं में 93.17% लाकर पुरे जिले का नाम रोशन किया

सांचौर, (रॉयल पत्रिका)। कहते है हुनर किसी का मोहताज नहीं होता और मंजिल पाने के लिए की जाने वाली कोशिश सपनों को जरूर साकार करती है। हम बात कर रहे है हरीऑम विद्यालय की छात्रा मेमण सादीया बानु पुत्री हाजी मोहम्मद यासीन जो सांचौर मेमण समाज के सक्रेटरी है। जो अपनी लाडली बिटीया को शिक्षा के क्षेत्र में आगे पढ़ाना चाहते है। मेमण सादीया ने 10वीं परीक्षा में 93.17 प्रतिशत अंक हासिल कर अपने माता-पिता, स्कूल एवं मेमण समाज का नाम रोशन किया है। सांचौर की बेटी मेमण सादीया ने कहा कि आज कल लोग कहते है, बेटी परिवार पर बोझ है लेकिन में



आगे बढ़कर देश की सेवा करना चाहती हू, लेकिन मे कहती हू बेटी से परिवार महकता है, बेटीया देश की शान है। मेमण सादीया की माता ताहीरा बानु एवं परिवार ने इस मौके पर खुशी जाहिर की मुंह मीठा करवाकर खुशी व्यक्त की।

# नमाज-ए-ईदुल अजहा को लेकर बैठक आयोजित

## -जालोरी गेट ईदगाह में सुबह 8 बजे होगी नमाज

जोधपुर (रॉयल पत्रिका)। नमाज-ए-ईदेन कमेटी ईदगाह, जालोरी गेट के प्रवक्ता साजिद खान ने बताया कि एक बैठक जालोरी गेट ईदगाह में समाजसेवी व शिक्षाविद् मोहम्मद फारूक की सरपरस्ती में आयोजित हुई।

सचिव एडवोकेट तस्लीम अब्बासी ने बताया कि मुस्लिम समाज द्वारा पढ़ी जाने वाली ईदुल अजहा की नमाज की तैयारी को लेकर बैठक आयोजित हुई जिसमें मुफ्ती शेर मोहम्मदजी से मशवरा कर जालोरी गेट ईदगाह में सुबह 8 बजे नमाज अदा करने की सहमति बनी। प्रवक्ता साजिद खान जोधाणा ओर मोहम्मद युसूफ ने बताया कि ईद की नमाज मुफ्ती हुसैन अशरफी अदा करवाएंगे। ईद की नमाज ईदगाह में हो इसको लेकर



बहुत ही बड़ी-बड़ी फजीलते हैं। इसीलिए जोधपुर सहित पूरे विश्व में ईदगाह के खुले मैदान में ही यह नमाज अदा होती है इसकी तैयारी को लेकर कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारिया बांटी गई हैं। इस बैठक में एडवोकेट तस्लीम अब्बासी, सिराजुद्दीन सैफी, मोहम्मद फारूक, साजिद खान जोधाणा, मोहम्मद यूसुफ, इब्राहिम खान, मोहम्मद वसीम, शेर मोहम्मद, जाकिर लोदी, इरफान शेफी, शाहिद खान आदि उपस्थित रहे।

# हिन्दुस्तान जिंक ने मेन्सट्रुअल हाइजीन डे पर बालक एवं बालिकाओं को किया जागरूक

उदयपुर, (रॉयल पत्रिका)। मेन्सट्रुअल हाइजीन डे यानि मासिक धर्म स्वच्छता दिवस पर, हिन्दुस्तान जिंक द्वारा अपनी परिचालन इकाईयों के आस पास के क्षेत्र में यह दिन मनाकर बालिकाओं के स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। कंपनी ने बालिकाओं को मासिक धर्म के बारे में शिक्षित करने और जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न राजकीय विद्यालयों में व्यापक अभियान और जागरूकता सत्र आयोजित किए।




हिन्दुस्तान जिंक के स्वास्थ्य सेवा कार्यक्रम के तहत ममता मेन्सट्रूअल हाइनजीन मैनेजमेंट के सहयोग से उदयपुर के जावर, राजसमंद के दरीबा, चित्तौडगढ़ के चंदेरिया और भीलवाड़ा के आगुचा में शिक्षा संबल के अतंर्गत 8 राजकीय विद्यालयों में 582 बालक एवं बालिकाओं को सत्रों के माध्यम से जागरूक किया। इस वर्ष की थीम टूगेदर फॉर-ए-पीरियड फ्रेण्डली वर्ल्ड के अनुरूप किशोरियों के बीच जागरूकता बढ़ाने और स्वस्थ प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए आकर्षक और शैक्षिक गतिविधियों की एक श्रृंखला आयोजित की गई। सत्र में प्रतिभागियों के मौजूदा ज्ञान का आंकलन करने के लिए एक पूर्व-परीक्षण हुआ। महिला डॉक्टर ने मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन एप्रन का उपयोग कर जागरूकता सत्र आयोजित किया, जिसमें मासिक धर्म की जैविक प्रक्रिया, मासिक धर्म चक्र और आवश्यक स्वच्छता प्रथाओं के बारे में बताया गया।

आम धारणाओं और गलत सोच को दूर करने के लिए, एक त्वरित मिथक-विरोधी सत्र आयोजित किया गया और बालिकाओं को सत्र में अधिक शामिल करने के लिए कार्ड टूल का उपयोग किया गया। विशेष रूप से डिजाइन किए गए एमएचएम थीम वाले सांप और सीढ़ी मैट का उपयोग कर रूचिकर और इंटरैक्टिव फ्लोर गेम के माध्यम से महत्वपूर्ण स्वच्छता संदेशों को आकर्षक तरीके से व्यक्त किया। सत्र में एनीमिया के लक्षण और रोकथाम को भी शामिल किया गया, जिसमें थकान और पीली त्वचा जैसे लक्षणों की पहचान करने के लिए मार्गदर्शन, एनीमिया चार्ट और आहार युक्तियों द्वारा समर्थित है। इसके अतिरिक्त, मासिक धर्म स्वास्थ्य के बारे में सूचित विकल्प बनाने में मदद करने के लिए सैनिटरी पैड, टैम्पोन, मासिक धर्म कप और डिस्पोजेबल पीरियड पैंटी सहित एमएचएम के विभिन्न सुरक्षित तरीके प्रदर्शित किए गए।

# बहलोल नगर की वन भूमि में मिली राष्ट्रीय बीज निगम की खाली थैलियां

## -अमानक बीज नीलामी से जुड़ा मामला



हनुमानगढ़, (रॉयल पत्रिका)। बहलोल नगर ग्राम पंचायत की वन भूमि में सड़क किनारे बड़ी मात्रा में फेंकी गई राष्ट्रीय बीज निगम के प्रमाणित मूंग (IPM 410-3 'शिखा') की लगभग 4700 खाली थैलियों की सूचना मिलते ही कृषि विभाग सतर्क हो गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए सहायक निदेशक कृषि विस्तार डॉ. संजीव कुमार, सहायक कृषि अधिकारी एवं क्षेत्रीय कृषि पर्यवेक्षक के साथ मौके पर पहुंचे।


जिला कलेक्टर के निर्देश पर जिला स्तर से संयुक्त निदेशक कृषि डॉ. प्रमोद कुमार, सहायक निदेशक बलकरण सिंह एवं कृषि अधिकारी कुलवंत सिंह ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया। जांच के दौरान पता चला कि यह थैलियां केंद्रीय राज्य फार्म सूरतगढ़ से संबंधित हैं, जिन्हें राष्ट्रीय बीज निगम ने खरीफ 2023 में मूंग/IPM 410-3 बीज के रूप में उत्पादित किया था। बीज की वैधता फरवरी 2025 तक थी, जिसे बढ़ाने के लिए गुणवत्ता प्रयोगशाला नई दिल्ली से पुनः परीक्षण कराया गया, लेकिन बीज अमानक पाया गया।

इसके बाद राष्ट्रीय बीज निगम ने इसे अमानक बीज घोषित कर 13 मई 2025 को ऑनलाइन नीलामी के लिए आमंत्रित किया, जिसमें एचएम ट्रेडिंग कंपनी पीलीबंगा ने सर्वोच्च बोली लगाई। उक्त बीज की निकासी 28 मई 2025 को आदेश संख्या 41/79 के तहत की गई। फेंकी गई थैलियां इसी अमानक बीज से जुड़ी हैं। संबंधित विभागों को सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

# विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर गीतांजलि मेडिकल कॉलेज में नुक्कड़ नाटक का आयोजन

उदयपुर, (रॉयल पत्रिका)। विश्व तंबाकू निषेध दिवस के उपलक्ष्य में गीतांजलि मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के सामुदायिक चिकित्सा विभाग द्वारा एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य आमजन को तंबाकू के दुष्प्रभावों से अवगत कराना और निवारण के उपायों के प्रति जागरूक करना था।

इस नुक्कड़ नाटक के माध्यम से इंटर्न छात्रों ने यह संदेश दिया कि तंबाकू के सेवन से प्रतिवर्ष लगभग 80 लाख लोगों की मृत्यु होती है। उन्होंने तंबाकू रोकथाम की विभिन्न रणनीतियों और उपायों को भी सरल भाषा में प्रस्तुत किया।



इस अवसर पर डीन, डॉ. संगीता गुप्ता ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। सामुदायिक चिकित्सा विभागाध्यक्ष, प्रो. डॉ. मुकुल दीक्षित ने बताया कि इस वर्ष की थीम है – "चमकीले उत्पाद, काली मंशा" इस अवसर पर विभाग से डॉ. हेमलता मित्तल, डॉ. मेधा माथुर, डॉ. ज्योति जैन, डॉ. भगराज चौधरी (नोडल अधिकारी, टीसीसी), डॉ. जितेंद्र हीरानी, डॉ. विचित्रा और डॉ. दिलशानो भी उपस्थित थे।

# विभिन्न प्लेटफॉर्म सामने आने से मीडिया के अवसरों का विस्तार- सुराणा

## -चूरू जिला पत्रकार संघ की ओर से हिंदी पत्राकारिता दिवस पर हुई सेमीनार

चूरू, (रॉयल पत्रिका)। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने कहा है कि समाज के विभिन्न क्षेत्रों के साथ-साथ पत्रकारिता जगत में भी काफी बदलाव आया है। तकनीक ने आज सूचना संप्रेषण को बहुत आसान कर दिया है, वहीं बहुत सारी चुनौतियां भी आज मीडिया के सामने हैं। मीडिया को अपनी बुद्धिमता, वैचारिकता और परिश्रम से इन चुनौतियों का सामना करते हुए अपनी साख बनाई रखनी पड़ेगी। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा सूचना केंद्र में चूरू जिला पत्रकार संघ की ओर से हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर 'वर्तमान हिंदी पत्रकारिता की चुनौतियां' विषयक सेमीनार में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मीडिया के सोशल और डिजिटल प्लेटफॉर्म डवलप होने से आज पत्रकारों के सामने अवसरों का विस्तार हुआ है और वे ज्यादा बेहतर ढंग न केवल अपनी बात रख पा रहे हैं, अपितु एक बेहतर आय भी अर्जित कर रहे हैं। उन्होंने जिला मुख्यालय पर पत्रकारों को भूखंड दिए जाने और प्रेस क्लब भवन निर्माण के अनुरोध पर सकारात्मक कार्यवाही का आश्वासन दिया। विशिष्ट अतिथि मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. एमएम पुकार ने कहा कि सोशल मीडिया और एआई के दौर में वर्तमान मीडिया के समक्ष चुनौतियां तो हैं, लेकिन इसे मीडिया को अवसर की तरह लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि शासन-प्रशासन और प्रबंधन में मीडिया की सहयोगी भूमिका अंतिम छोर के व्यक्ति को लाभान्वित करने में मदद करती है। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के



उपनिदेशक कुमार अजय ने राज्य सरकार की ओर से पत्रकारों के कल्याणार्थ शुरू की गई विभिन्न योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि मीडिया तकनीक का शिकार नहीं हो, अपितु तकनीक का उपयोग कर हम कैसे बेहतर परिणाम दे सकते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ पत्राकार नरेंद्र शर्मा ने वर्तमान समय में मीडिया की भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने हिंदी पत्रकारिता के वर्तमान चुनौतियों पर चर्चा की और कहा कि ईमानदार पत्राकारिता लोकतंत्र, समाज और राष्ट्र को मजबूती प्रदान करती है। वरिष्ठ पत्रकार गिरधारी सैनी, किशन उपाध्याय, राजेंद्र सिंह शेखावत ने भी विचार व्यक्त किए। मनोज शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया और कहा कि पत्रकारों की एकता से ही व्यवस्था में बेहतरी आएगी। पत्रकार अमित तिवारी ने आभार जताया और कहा कि भविष्य में सभी पत्रकार मिलकर बेहतर गतिविधियां आयोजित करेंगे। संचालन कुंज बिहारी बिरमीवाला ने किया। इससे पूर्व जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा, प्राचार्य पुकार, डीडी-पीआर कुमार अजय ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।इस दौरान एपीआरओ मनीष कुमार, राजमेस ए एओ भोमसिंह राठौड़, राजमेस के सुगनाराम, नरेश भाटी, आशीष गौतम, जमील अहमद खान, पवन शर्मा, मोहम्मद अली पठान, देशदीपक किरोड़ीवाल, रवि सैन, जगदीश सोनी, देवराज लाटा, विजय चौहान, महेंद्र सोनी, विजय सारस्वत, शैलेंद्र सोनी, अख्तर मुगल, सुनील कुमार, संजय वर्मा, नौरंग खोथ, महेंद्र सोनी, राहुल शर्मा, मदन दाधीच, विनोद सुथार, मनोज सोनी, मनोज मिश्रा, बाबूलाल राव, गजेंद्र चौहान, पवन कुमार शर्मा, नरेश पारीक, ललित चौहान, राजकुमार नायक, नरेंद्र दीक्षित, रामस्वरूप प्रजापत, गिरधारीलाल प्रजापत, रामचंद्र गोयल, अभिषेक सरोवा, मंगेज सिंह, संजय गोयल, विजय रक्षक, बजरंग मीणा, धर्मपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# सरदारशहर में भाजपा के सभापति राजकरण चौधरी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव

## -भाजपा के 14 पार्षदों को नोटिस



**मोहम्मद अली पठान**

चूरू/सरदारशहर, (रॉयल पत्रिका)। भाजपा जिलाध्यक्ष ने 30 मई को सरदारशहर में भाजपा के सभापति राजकरण चौधरी के खिलाफ कांग्रेस द्वारा लाये गये अविश्वास प्रस्ताव पर भाजपा के 14 पार्षदो द्वारा किये गये समर्थन पर भाजपा जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा ने पार्टी विरोधी गतिविधियों के तहत कारण बताओ नोटिस जारी किया।

नोटिस में कहा गया है कि यह पार्टी विरोधी गतिविधी के तहत कार्य है इसमें भाजपा के पार्षदो द्वारा कांग्रेस के पार्षदो के साथ अविश्वास प्रस्ताव के संदर्भ में जिला कलेक्टर से मिलकर भाजपा सभापति को हटाने की मांग किया जाना पार्टी विरोधी गतिविधि है। इसके लिए उन पार्षदो को तीन दिन में कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा ने लिखे पत्र में उन्हे तीन दिन में लिखित स्पष्टीकरण एवम् व्यक्तिगत रूप से उपस्थित स्पष्टीकरण देने के लिए कहा गया है अन्यथा उनके खिलाफ पार्टी के संविधान के अनुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी। नोटिस मिलने वालों में रमेश कुमार पापटान, अमरचन्द मीणा, राजेन्द्र प्रसाद प्रजापत, सुमन प्रजापत, रामावतार जांगिड़, अलका टाक, राकेश टाक, सुनील कुमार मीणा, रूपचन्द सोनी, अल्कादेवी तंवर, दीपक बैद, शोभाकांत स्वामी, चन्दादेवी सोनी व राकेश कुमार जगरवाल को पार्टी विरोधी गतिविधियों के तहत कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है। उन्होने कहा कि पार्टी ने इस कृत्य को बड़ी गभीरता से लिया है और अगर कोई अन्य कार्यकर्ता इस प्रकार की पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलिप्त पाया जाता है तो उसके खिलाफ भी पार्टी अनुशासनात्मक कार्यवाही करेगी, वहीं सरदारशहर में भाजपा के डेमेज कंट्रोल को लेकर जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा नजर बनाए हुए कार्यकर्ताओं से मीटिंग कर रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार पार्षदों को मनाने में जिलाध्यक्ष सफल नहीं हो पाए है इस मामले में पार्षदों का स्पष्ट कहना है कि हम हमने सोच समझ कर ये कदम उठाया है वहीं इस मामले में पूर्व विधायक अशोक पींचा मीडिया के सामने नहीं आए है। ज्ञात रहे 30 मई को सरदारशहर विधायक अनिल शर्मा के नेतृत्व में पार्षदो ने जिला कलेक्टर के समक्ष पेश होकर अविश्वास पारित किया था।

# 'ऑपरेशन शील्ड' के तहत गोगेलाव स्थित हेडवर्क्स पर हवाई हमले की मॉक ड्रिल

नागौर, (रॉयल पत्रिका)। जिले में आपातकालीन स्थितियों से निपटने की तैयारियों को परखने के उद्देश्य से शनिवार को शहर के गोगेलाव रोड़ स्थित हेडवर्क्स पर ऑपरेशन शील्ड अंतर्गत हवाई हमला होने पर सुरक्षा व बचाव के लिए मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया।

इस दौरान जिला कलक्टर अरुण कुमार पुरोहित एवं जिला पुलिस अधीक्षक नारायण टोगस ने मौके पर पहुंचकर मॉक ड्रिल की कार्यवाही एवं बचाव व नागरिक सुरक्षा के इंतजामों का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया।



मॉक ड्रिल में राहत, बचाव एवं नागरिक सुरक्षा अंतर विभागीय समन्वय को परखा

जिला कलक्टर पुरोहित ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशों की पालना में आयोजित मॉक ड्रिल के तहत शाम 7.30 बजे नियंत्रण कक्ष से पम्प हाउस पर हवाई हमले की सूचना प्रसारित कराई गई। सूचना मिलते ही तुरन्त जिला प्रशासन, पुलिस, चिकित्सा दल, अग्निशमन, एम्बुलेंस, सिविल डिफेंस, नगर निगमकर्मी सहित अन्य संबंधित विभागों की टीमों ने मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव के लिए रेस्क्यू अभियान तुरन्त प्रारम्भ किया। मॉक ड्रील के दौरान वहां लगी आग को बुझाने की त्वरित कार्यवाही कर संबंधित दलों द्वारा वहां पर मिले 20 घायलों को तुरन्त रेस्क्यू कर उपचार हेतु जेएलएन चिकित्साल में एम्बुलेंस के माध्यम से भिजवाने की कार्यवाही की गई। साथ ही संपूर्ण परिसर में राहत व बचाव कार्य करने तथा रेस्पॉन्स टाइम पर उपकरणों का सही तरीके से कार्य आदि तैयारियों समीक्षा की गई। उन्होंने बताया कि आगजनी की चेतावनी प्रणाली, हॉटलाइन/रेडियो लिंक, नियंत्रण कक्षों की कार्यप्रणाली,मेडिकल,और अग्निशमन व्यवस्था जैसी व्यवस्थाओं का अभ्यास इस ड्रिल में किया गया।

इस दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर चंपालाल जीनगर,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार, सीईओ रविंद्र कुमार, उपखंड अधिकारी गोविंद सिंह भींचर, वृताधिकारी रामप्रताप विश्नोई, सीएमएचओ डॉ. जुगल किशोर सैनी, जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियंता श्योजीराम, प्रोजेक्ट के अधीक्षण अभियंता पी.एस. तंवर, जलदाय विभाग के अधिशासी अभियंता मोहनलाल कड़ेला, डिस्कॉम के अधीक्षण अभियंता अशोक कुमार सहित परिवहन विभाग, नगरपरिषद, बीएसएफ, पुलिस के जवान, स्काउट गाइड एवं संबंधित विभागीय अधिकारी एवं कार्मिक मौजूद रहे।

### जेएलएन अस्पताल में घायलों की पूछी कुशलक्षेम एवं ब्लड बैंक का किया निरीक्षण

मॉक ड्रिल के दौरान घायल हुए लोगों को निकटवर्ती जेएलएन अस्पताल पहुंचाया गया। जहां पर जिला कलक्टर अरुण कुमार पुरोहित, जिला पुलिस अधीक्षक नारायण टोगस, अतिरिक्त जिला कलक्टर चंपालाल जीनगर, उपखंड अधिकारी गोविंद सिंह भींचर, तहसीलदार नरसिंह सहित उच्चाधिकारियों ने अस्पताल पहुंचकर घायलों से कुशलक्षेम पूछी तथा आपातकालीन स्थिति में आवश्यकता होने पर ब्लड बैंक में ब्लड की उपलब्धता एवं वहां रक्तदान की स्थिति आदि व्यवस्थाएं जांची। इसके बाद जिला कलक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा प्रमुख चिकित्सा अधिकारी से चिकित्सा व्यवस्थाओं की जानकारी भी ली।

# चूरू के कुमार अजय प्रसार के वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित

## -डॉ. हरिशंकर आचार्य बने अध्यक्ष, अभय सिंह होंगे महासचिव

चूरू, (रॉयल पत्रिका)। पब्लिक रिलेशंस एंड एलाईड सर्विसेज एसोसिएशन ऑफ राजस्थान (प्रसार) की कार्यकारिणी के चुनावों के बुधवार को घोषित परिणाम के अनुसार घांघू (चूरू) के कुमार अजय वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित घोषित किये गए हैं। निर्वाचन अधिकारी आलोक आनंद एवं मोहित जैन के मुताबिक, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के कर्मियों के संगठन 'प्रसार' के अध्यक्ष पद पर डॉ. हरिशंकर आचार्य, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर कुमार अजय, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष पद पर धर्मेंद्र कुमार मीना, मुख्यालय उपाध्यक्ष पद पर चंद्रशेखर पारीक, महासचिव पद पर अभय सिंह और संयुक्त सचिव पद पर अंजलिका पंवार निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। चुनाव प्रक्रिया पूर्ण पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ संपन्न हुई। निर्वाचन प्रक्रिया के उपरांत, प्रसार चुनाव कार्यालय ने सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई दी और उन्हें संगठन के विकास एवं सुचारु संचालन में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। साथ ही सभी सदस्यों एवं पदाधिकारियों से अनुरोध किया गया कि वे मिलकर प्रसार को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के



लिए काम करें। उल्लेखनीय है कि घांघू के कुमार अजय वर्तमान में सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग मुख्यालय में उप निदेशक पद पर पदस्थापित हैं।

# सुकेत में 10वीं में अव्वल रहे छात्र का शिक्षा मंत्री द्वारा सम्मान किया गया

सुकेत, (रॉयल पत्रिका)। सुकेत में आदर्श विद्या मंदिर माध्यमिक विद्यालय में दसवीं के बच्चों का स्वागत किया गया। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर अभय चौहान को 95% अंक प्राप्त होने पर माला पहनकर स्वागत किया प्रधानाचार्य सूरतराम गुर्जर ने बताया कि परीक्षा में उत्तीर्ण छात्रों को विद्यालय बुलाया गया। प्रबंध समिति के सदस्यों ने माला पहनाकर, मुंह मीठा करवाकर और शुभ मंगल तिलक लगाकर शुभकामनाएं दीं। अभय चौहान ने 95%, भावना मेवाड़ा ने 91%, लक्ष्मी सुमन ने 83.17% अंक हासिल किए। सभी छात्रों को जीवन में ऊंचाइयों तक पहुंचने की प्रेरणा दी गई। उपप्रधान सुनील गौतम ने बच्चों को मुंह मीठा करवाकर बधाई दी। शिक्षक अमन टेलर का भी माला पहनाकर सम्मान किया गया। छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय सभी गुरुजनों को दिया।

# विधि क्षेत्र के छात्र-छात्राओं के लिये न्यायिक क्षेत्र, विधिक क्षेत्र, शिक्षण, वकालत के अलावा अन्तर्राष्ट्रीय निगमों, राष्ट्रीय निगमों, निजी क्षेत्र के व्यापारिक संस्थानों, विधिक सलाहकार, लेखन विभाग में भरपूर अवसर हैं। विधिक एवं न्यायिक समीक्षा, लॉ फर्मों में कार्य करने के भरपूर अवसर उपलब्ध हैं- प्रमुख जिला एवं सेशन न्यायाधीश श्री मोहम्मद हनीफ, आर.एच.जे.एस. (आर) के विचार हैं।

**एम खान**

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। श्री मोहम्मद हनीफ का जन्म 8 जुलाई, 1945 को लक्ष्मणगढ़, जिला-सीकर के गांव-राजास के साधारण किसान परिवार में हुआ तथा उन्होंने 1959, 1961 में क्रमशः हाईस्कूल एवं इण्टरमीडियेट की परीक्षा, बोर्ड ऑफ सैकण्डरी एज्यूकेशन, अजमेर से उत्तीर्ण कर 1963 में एसएसजी पारीक महाविद्यालय, जयपुर से बी.ए. उत्तीर्ण की। बी.ए. में प्राप्त अंको के आधार पर योग्यता क्रम में आने पर राजस्थान विश्वविद्यालय अर्थशास्त्र एवं लोक प्रशासन विभाग से शिक्षण प्राप्त कर अप्रेल, 1965 की परीक्षा में उत्तीर्ण घोषित होने पर एम.ए. अर्थशास्त्र की डिग्री प्राप्त की।



इसके पश्चात् उनके द्वारा स्कूल ऑफ लॉ, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर से अप्रेल 1967 में एलएलबी की डिग्री प्राप्त की तथा अप्रेल 1969 में एलएलएम की परीक्षा उत्तीर्ण कर डिग्री प्राप्त की। उन्हें 'स्कूल ऑफ लॉ' राजस्थान विश्वविद्यालय में विधि शिक्षण पर प्राप्त अंकों के आधार पर राष्ट्रीय योग्यता छात्रवृत्ति प्रदान की गई, जिससे विधि अध्ययन पूर्ण करने में आर्थिक सम्बल प्राप्त हुआ और एलएलएम प्रथम प्रयास तथा राजस्थान विश्वविद्यालय के योग्यता क्रम में द्वितीय स्थान प्राप्त किया और उन्हें राजस्थान विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह जनवरी 1970 में महामहिम राज्यपाल महोदय, राजस्थान सरकार श्री जोगेन्द्र सिंह जी द्वारा पीएचडी, एमएस, एमडी डिग्रीधारियों के साथ एलएलएम की डिग्री प्रदत्त की गई।

उन्होंने एलएलएम में लेजीगेशन इन्टरप्रटेशन में व्यापारिक कानून के कम्परेटिव लॉ, स्पेशल कॉन्ट्रेक्ट कंपनी लॉ एवं कंपनी लॉ बोर्ड निगोसिएबल इन्सट्रूमेंट्स एवं सेरिटाईम लॉ एवं इन्श्योरेन्स जैसे विधिक विषयों का गहन अध्ययन किया।

विश्वविद्यालय में अध्ययन के मध्य कडी मेहनत एवं लगन से अध्ययन के कारण आत्मविश्वास को बल मिला और निश्चित तौर पर तय कर लिया कि राजस्थान राज्य की तीन प्रमुख सेवाओं राजस्थान लेखा सेवा, प्रशासनिक सेवा, पुलिस सेवा से नीचे की सेवा नहीं करनी है।

राजस्थान राज्य प्रतियोगिता परीक्षा 1968 में विज्ञपित दो राज्य सेवा राज लेखा सेवा के 12 पद राज पुलिस सेवा के 19 पदो के लिये परीक्षा योग्यता क्रम में दोनों सेवाओं में तृतीय स्थान प्राप्त किया तथा प्रथम वरीयता के आधार पर राजस्थान लेखा सेवा में 1968 के बैच के टॉपर की हैसियत से 03 अप्रेल 1970 को एचसीएम (रीपा) में कार्यभार ग्रहण कर एक साल का आधारभूत व लेखा एवं वित्त सम्बन्धित विशेष प्रशिक्षण तथा राजस्थान राज्य के प्रमुख विभागों के लेखा एवं वित्त संबंधी कानून, नियम, उपनियम, परिपत्रों की अनुपालना का प्रशिक्षण भी प्राप्त किया और प्रशिक्षण के उपरान्त विभागीय परीक्षा के योग्यता क्रम में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

प्रशिक्षण उपरान्त 13 अप्रेल 1971 को जिला कोषाधिकारी, श्रीगंगानगर का पदभार ग्रहण किया, उस दौरान पदेन जिला राज्य लॉटरी अधिकारी, वित्त विभाग राजस्थान सरकार द्वारा नामित किये जाने के आधार पर सेन्ट्रल को-ऑपरेटिव बैंक के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स में डायरेक्टर का कार्य का निष्पादन किया, इसके अलावा एलएलएम की डिग्री होने के आधार पर एस.डी. लॉ कॉलेज की मैनेजमेंट कमेटी की प्रार्थना पर जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, श्रीगंगानगर के माध्यम से स्वीकृति प्राप्त कर सांयकालीन कक्षाओं का विधि अध्यापन भी किया।

जिला कोषाधिकारी श्रीगंगानगर के पद पर 13.04.1971 से 25.06.1975 तक कार्य किया, इसी मध्य नवसृजित विभाग, भूमि एवं भवन कर में सहायक निदेशक के पद पर भी 25.06.1973 से 29.05.1975 तक कार्य किया।

## राजस्थान न्यायिक सेवा

राजस्थान न्यायिक सेवा में वर्ष 1974 में योग्यता क्रम में चतुर्थ स्थान प्राप्त कर दिनांक 30.05.1975 को जिला एवं सेशन न्यायालय, जयपुर नगर में पदभार ग्रहण किया और इसके पश्चात् मुंसिफ एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट के पदों पर कार्य किया और दिनांक 21.09.1985 से सिविल न्यायाधीश एवं अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के पद पर पदोन्नति हुई। दिनांक 13.08.1987 से पूर्णतय योग्यता के आधार पर सुपर टाईम स्केल स्वीकृत हुई और सिविल न्यायाधीश एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, नागौर के पद पर आर्थिक अपराधों से संबंधित केन्द्रीय अधिनियमों के निस्तारण हेतू न्यायालय के पीठासीन अधिकारी एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संवर्ग में रेलवे कोर्ट में पीठासीन अधिकारी के रूप में कार्य किया।

दिनांक 11.03.1991 में राजस्थान उच्चतर न्यायिक सेवा में पदोन्नति उपरान्त विभिन्न पदों पर कार्य किया। जिला न्यायाधीश संवर्ग में पारिवारिक न्यायालय, अजमेर में पीठासीन अधिकारी, माननीय उच्च न्यायालय में रजिस्ट्रार वर्गीकरण, रिट्स एवं रजिस्ट्रार प्रशासन के पदों पर करीब 7 साल तक कार्य करने के उपरान्त प्रमुख जिला एवं सत्र न्यायाधीश, चुरू के पद पर 18.08.2002 से 29.10.2003 तक कार्य किया।

राजस्थान उच्चत्तर न्यायिक सेवा की चयनित एवं सुपर टाईप स्केल स्वीकृत की गई।

रेलवे क्लेमस ट्रिब्यूनल के सदस्य के रूप में चयन हुआ लेकिन निजी कारणों से पद पर कार्यग्रहण नहीं किया तथा उपभोक्ता मंच द्वितीय संख्या-2, जयपुर नगर के पद पर दिनांक 30.10.2003 को कार्यभार ग्रहण किया तथा दिनांक 31.07.2005 को राजस्थान उच्चत्तर न्यायिक सेवा से सेवानिवृत्त हुआ। पांच वर्ष के कार्यकाल के कारण दिनांक 29.10.2008 को पदभार छोड़ा। पांच वर्ष के कार्यकाल में करीब 7000 उपभोक्ता परिवादों का निस्तारण किया।

## विभिन्न गतिविधियाँ

राजस्थान राज्य पिछडा वर्ग आयोग में वरिष्ठ सदस्य की नियुक्ति उपरांत तीन वर्षों तक कार्य किया। इसी दौरान कमिशन की अनुशंषा की रिपोर्ट के आधार राज्य सरकार ने 50 प्रतिशत से अधिक 1+4 बराबर 5 प्रतिशत आरक्षण विशेष पिछडा वर्ग गुर्जर, गाडिया लुहार, गडरिया, देवासी, रेबारी को आरक्षण दिया गया।

राज्य स्तरीय मानव अंग प्रत्यारोपण कमेटी में न्यायिक सदस्य के रूप में कार्य किया। पांच वर्ष तक मीडियेशन सेंटर माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय में मीडियेटर के रूप में सेवायें दी तथा आरबीट्रेटर की हैसियत से भी कार्य का निष्पादन किया तथा 75 वर्ष पूर्ण होने के उपरांत निजी कारणों से प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों में भाषण देने, वैध तौर पर स्थापित समाज सुधार संस्थानों में जागरूकता के अलावा प्रेरक के विषय पर भाषण दिया गया।

पांच वर्ष की लेखा सेवा, 15 वर्ष न्यायिक सेवा, 15 वर्ष उच्चत्तर न्यायिक सेवा के दौरान राज्य स्तरीय, केन्द्रीय स्तरीय के प्रशिक्षण संस्थानों में नामित किये जाने पर कार्य किया।

**राज्य स्तरीय :** कोषालय प्रशासन में संबंधित एचसीएम रीपा, जयपुर द्वारा आयोजित प्रशिक्षण में दिनांक 19.10.1972 से 29.10.1972 तक भाग लिया। एचसीएम रीपा द्वारा ही दिनांक 01.07.1973 से 28.07.1973 तक भूमि एवं भवन कर पाठ्यक्रम में भाग लिया।

**अन्तर्राज्य स्तरीय :** माननीय उच्च न्यायालय आंधप्रदेश द्वारा संचालित ज्यूडिशियल एकेडमी द्वारा आयोजित कोर्ट प्रशासन प्रोग्राम दिनांक 29.09.1996 से 04.10.1996 तक भाग लिया, जिसमें अमेरिका स्थित न्यायालय के अधिकारियों, अभियोजन अधिकारियों ने भी भाग लिया था।

**केन्द्रीय स्तरीय :** राष्ट्रीय अपराध एवं विधि विज्ञान संस्थान, भारत सरकार द्वारा आयोजित 48वां व 52वां अपराध न्याय पर आयोजित प्रोग्राम क्रमशः जिला न्यायाधीश, जिला मजिस्ट्रेट, जिला एसपी एवं निदेशक अभियोजन के लिये आयोजित प्रोग्राम दिनांक 28.02.1992 से 11.03.1992 तक एवं 10.01.1994 से 21.01.1994 में भाग लिया। इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन द्वारा दिनांक 15.03.2004 से 20.03.2004 तक "मैनेजमेंट डवलपरमेंट प्रोग्राम" उपभोक्ता मंच के अध्यक्षों एaवं सदस्यों द्वारा आयोजित प्रोग्राम में भाग लिया।

**विधि एवं न्याय:** विधि एवं न्याय के क्षेत्र में रूचि रखने वाले जवान पीढ़ी के लिये उनके ज्ञान एवं अनुभव के आधार पर संदेश है कि निश्चित उद्देश्य की प्राप्ति हेतू निष्ठा, लगन से सतत प्रयासरत रहने पर ऊपर वाले की कृपा से सफलता अवश्य मिलेगी, क्योंकि मेहनत के अलावा कोई विकल्प नहीं है।

क्लेट के माध्यम से करीब 23 राष्ट्रीय स्तर के नेशनल लॉ यूनिविर्सिटीज में अध्ययन करने वाले छात्र-छात्राओं के लिये मल्टीनेशनल कंपनी में नियोजन के स्वर्णिम अवसर हैं। इसके अलावा भी सीनियर अधिवक्ताओं, उच्चतम न्यायालय, उच्च न्यायालय की लॉ फर्मस में पर्याप्त अवसर हैं। विधि एवं न्याय पर लेखन, निर्णयों की समीक्षा, लीगल ड्राफटिंग, इंटरनेशनल आरबीट्रेशन में भी अच्छे अवसर हैं, इसके अलावा न्यायिक सेवा, प्रेक्टिस एट बार नेशनलाईज्ड बैंक में सलाहकार या प्रतियोगिता के आधार पर लॉ मैनेजर भी बन सकते हैं। मास्टर्स डिग्री इन लॉ, पीएचडी उपरान्त विधि अध्यापन के अवसर, बौद्धिक सम्पदा, Intellectual Property, Artificial Intelligence, विधि का ज्ञान, न्यायिक निर्णयों की यू-ट्यूब पर समीक्षा से आय अर्जित करने के अच्छे अवसर हैं।

# डॉ. अमरीन खान ने डॉक्टरेट डिग्री प्राप्त की

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। मरहूम मोहम्मद हनीफ रिटायर्ड एडीएम वह मरहूमा गुलजार खान की पोती, डॉक्टर जोया अमरीन खान ने डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त कर क्षेत्र का नाम किया रोशन किया है। क्षेत्र के लिए यह गर्व की बात है कि जोया अमरीन खान पुत्री शकील अहमद खान निवासी जयपुर ने अपनी कड़ी मेहनत और समर्पण के बल पर डॉक्टरेट की उपाधि राजस्थान विश्वविद्यालय से प्राप्त की है। डॉक्टर जोया अमरीन खान का शोध कार्य टोंक रियासत के साहित्यिक स्रोत विशेष संदर्भ फारसी व अरबी साहित्य (1817 से 1948) पर आधारित रहा। जिसमें उन्होंने टोंक के साहित्य पर गहन अध्ययन कर महत्वपूर्ण निष्कर्ष प्रस्तुत किए है। इस शोध कार्य में उनकी मार्गदर्शिका डॉक्टर रश्मि गुर्जर रही। इस सफलता पर उनके पारिवारिक मित्रों और शिक्षकों ने प्रसन्नता व्यक्त की है। डॉक्टर जोया अमरीन खान ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता सायरा खान व शकील अहमद खान व भाई एडवोकेट जेए खान और मित्रों को दिया है। वर्तमान में यह इतिहास विषय की व्याख्याता के रूप में कार्यरत हैं। उनकी यह उपलब्धि निश्चित ही आने वाली पीढियां को शिक्षा और स्रोत के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करेगी। डॉक्टर जोया अमरीन खान का यह कहना है कि अगर लड़कियों को सही माहौल मिले तो वह हर मुकाम हासिल कर सकती हैं।









# पीएम मोदी ने सतना एयरपोर्ट का वर्चुअल उद्घाटन किया




सतना, (एजेंसी)। मध्य प्रदेश के दौरे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को सतना एयरपोर्ट का वर्चुअल उद्घाटन किया। इसके साथ ही एयरपोर्ट पर पहली उड़ान भी ऐतिहासिक बन गई, जब छह आदिवासी महिलाओं ने सतना से रीवा और रीवा से सतना तक अपनी पहली हवाई यात्रा पूरी की। हवाई चप्पल पहनने वाली ये महिलाएं जब पहली बार विमान में सवार हुईं, तो उन्होंने बताया कि यह उनके लिए किसी सपने के साकार होने जैसा अनुभव था। उद्घाटन कार्यक्रम में केंद्रीय नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरली किसन माहुली, मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री दिलीप जायसवाल और सतना के सांसद गणेश सिंह उपस्थित रहे। सांसद गणेश सिंह ने बताया कि एयरपोर्ट का रनवे पूरी तरह तैयार है और यहां से भोपाल और इंदौर के लिए नियमित हवाई सेवा शुरू हो चुकी है। फिलहाल 19 सीटर छोटे विमानों की उड़ान संचालित की जा रही है क्योंकि रनवे की लंबाई अभी 1,200 मीटर है। भविष्य में रनवे का विस्तार कर बड़े विमानों की लैंडिंग की योजना है।












मुद्रक, प्रकाशक व स्वत्वाधिकारी मुन्नाखान के लिए अम्बर ऑफसेट प्राइवेट लिमिटेड, 3-A, डी एल टावर, विद्या आश्रम इंस्टीट्यूशनल एरिया, जेएलएन मार्ग, जयपुर से मुद्रित तथा रॉयल पत्रिका कार्यालय 4312, मोहल्ला नायकों का, जगन्नाथ शाह का रास्ता, नाहरबाडा, रामगंज, जयपुर से प्रकाशित।
संपादक : मुन्नाखान मो. 9772552446 कार्यालय फोन - 0141-4982834 Gmail : royalpatrika@gmail.com Yahoo : royal_patrika@yahoo.com